## खबर संक्षेप

### 239 लीटर कच्ची एवं 73 पाव देशी शराब जप्त

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा-निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 02 मई को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 40 स्थानों पर दबिश देकर कुल 239 लीटर कच्ची महुआ एवं 73 पाव देशी शराब जप्त की गई।

### अवैध रेत का परिवहन करते 2 ट्रैक्टर जप्त

**शहडोल।** थाना गोहपारू क्षेत्रांतर्गत 02 मई को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम रतहर तरफ रेत का अवैध उत्खन्न कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर गोहपारू पुलिस द्वारा रतहर पहुंचकर देखा तो एक ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा, जिसे पुलिस द्वारा रूकवाकर चालक से नाम पता पूछने पर अपना नाम पंकज कोल पिता लल्ला कोल उम्र 25 वर्ष निवासी रतहर का होना वताया जिससे वाहन एवं रेत परिवहन संबधी दस्तावेज मांगने पर कोई बैध दस्तावेज न होना वताया। जिससे ट्रेक्टर को मय रेत लोड जप्त कर आरोपी चालक एवं वाहन मालिक के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी गोहपारू के नेतृत्व में सहायक उप निरीक्षक जयबली सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही। वहीं थाना जैतपुर में मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि गाडाघाट से ट्रैक्टर के माध्यम से रेत का अवैध उत्खन्न कर परिवहन किया जा रहा है। सूचना पर जैतपुर पुलिस द्वारा गाडाघाट तरफ जाकर देखा तो एक बिना नम्बरी ट्रैक्टर मय रेत लोड आते दिखा जो चालक पुलिस को आता देखकर ट्रैक्टर छोड़कर जंगल की तरफ भाग गया। जिस पर जैतपुर पुलिस द्वारा उक्त वाहन को मय रेत लोड जप्त कर अज्ञात आरोपी चालक एवं वाहन मालिक के विरूद्ध भादवि एवं खनिज अधिनियम के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जैतपुर के नेतृत्व में प्रधान आरक्षक हरपाल सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।


### 212 वाहन चालकों का हुई कार्यवाही

**शहडोल।** जिला पुलिस द्वारा 02 मई को बिना हेलमेट लगाए दो पहिया वाहन चालाने वाले, बिना सीटबेल्ट लगाये चार पहिया वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य के विरूद्ध विभिन्न धाराओं के तहत 212 चालानों में 99.200 रूपये समंस शुल्क वसूल किया गया कार्यवाही जारी है। पुलिस द्वारा संबंधितों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करते हुए नियमों का पालन करने हेतु कड़ाईपूर्वक निर्देशित किया गया।

## पटवारी हत्या के बाद पपौंध में फिर माफिया ने की घटना

### घटना के अगली शाम तक भी एफआईआर दर्ज कराने में सुस्ती





खनिज अमले के बूते से बाहर माफिया

**जिले के अंतिम छोर के पपौंध-देवलोंद थाना क्षेत्रों में सोन की सुनहरी रेत का काला कारोबार इतने उफान पर है कि इसमें संलग्न माफिया के सामने प्रशासनिक अधिकारी तक पानी भरते नजर आ रहे हैं। बीते वर्ष जिस माफिया ने पटवारी की हत्या की थी, उसी माफिया ने गुरूवार की देर रात अवैध खनन रोक रहे माईंनिंग कर्मचारियों को निशाना बनाया, लाचार कर्मचारियों को एफआईआर दर्ज कराने में कई घंटे लग गये।**

शहडोल।

जिले में इन दिनों रेत माफियाओ के हौसले इतने बुलंद है कि अवैध रेत की कार्यवाही करने गए माइनिंग विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों के कब्जे से कार्यवाही के दौरान जप्त अवैध रेत से लदे ट्रेक्टर लेकर भाग गए , इस मामले की माइनिंग निरीक्षक ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है। घटना जिले के अंतिम छोर पपौन्ध थाना क्षेत्र के ग्राम दुबरा सोन नदी के पास की है। खनिज अमला पपौन्ध थाना क्षेत्र के ग्राम दुबरा सोन नदी से रेत का अवैध उत्खनन कर परिवहन कर रहे ट्रेक्टर को खनिज निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा अपने तीन अन्य सहकर्मियों के साथ सोन नदी के घाट पर जांच पड़ताल के लिए पहुचे थे, जहाँ उन्हें अवैध रेत से लोड एक ट्रेक्टर मिला, उसे जप्ती की कार्यवाही शुरू ही की जानी थी कि ट्रेक्टर चालक ने अपने अन्य साथियों को वहाँ बुला लिया, जिसके बाद रेत माफियाओ ने खनिज अमले के कब्जे से रेत से लोड ट्रेक्टर छुड़ाकर ले गए, इस मामले की खनिज निरीक्षक ने पपौंध थाने में शिकायत दर्ज कराई है। शिकयात पर से पपौंध पुलिस ने ट्रेक्टर चालक सहित गाड़ी मालिक आशुतोष तिवारी के खिलाफ धारा 379,4/21,353 के तहत मामला दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

### प्रशासन पर हावी माफिया

बीते वर्ष विधानसभा चुनावों से पहले इसी क्षेत्र में अवैध खनन रोकने गये पटवारी की हत्या कर दी गई थी, पपौंध और देवलोंद थाना क्षेत्र वर्षो से रेत के अवैध खनन का गढ़ बन चुके हैं, खनिज माफिया सिर्फ स्थानीय पुलिस और खनिज विभाग के लिए ही नहीं, बल्कि रेत खनन का ठेका लेने वाली कंपनी के लिए भी सिरदर्द बने हुए हैं। हालाकि खनिज विभाग का संरक्षण इन्हें बराबर मिलता रहता है, यही कारण है कि कर्मचारियों की कमी का रोना और अन्य विभागीय कार्य तथा मुख्यालय से इस क्षेत्र की दूरी बताकर खनिज अधिकारी अपना पल्ला झाड़ते रहते हैं। दूसरी तरफ पुलिस के स्थानीय कर्मचारी माफिया से सांठ-गांठ कर अपना खेल अर्से से खेल रहे हैं। जिस कारण जब भी ऐसी कोई घटना सामने आती है तो, प्रशासन माफिया के सामने बैकफुट पर नजर आता है।

### नहीं लिया पटवारी की मौत से सबक

बीते वर्ष विधानसभा चुनावों के आस-पास अवैध खनन को रोकने गये पटवारी की हत्या कर दी गई, इस मामले में पुलिस ने एफआईआर तो की, लेकिन अवैध खनन को संरक्षण देने वाले खनिज अमले और स्थानीय राजस्व अधिकारियों को क्लीन चिट मिल गई। चुनावों की आपाधापी में माफिया द्वारा राजस्वकर्मी की हत्या का मामला दब गया, प्रशासन ने अपनी साख बचाने के लिए मामले को ठण्डा तो कर दिया, लेकिन इससे माफिया के हौसले इस कदर बढ़ गये हैं कि उसने एक बार फिर खनिजकर्मियों के साथ उसी तरह की वारदात को अंजाम देना चाहा, इस मामले में ब्यौहारी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी माफिया को बढ़ावा देती नजर आ रही है।

### हर दिन लाखों का अवैध खनन

ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत देवलोंद, पपौंध और ब्यौहारी थाना क्षेत्र से प्रतिदिन सैकड़ा भर अवैध रेत से लदी गाडियों की निकासी हो रही है, स्थानीय ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में ट्रैक्टर और डग्गियों के माध्यम से दर्जनों भर से अधिक स्थानों से रेत का खनन कर उसकी आपूर्ति की जाती है, वहीं सैकड़ा भर हाईवा और ट्रकों के माध्यम से भी विभिन्न क्षेत्रों से रेत की निकासी होती है, जिसे न तो, रेत का ठेका लेने वाली कंपनी के कारिंदे रोक पा रहे हैं और न ही खनिज विभाग के जिम्मेदार, यह आरोप जरूर है कि स्थानीय पुलिस अमले को इसकी पूरी खबर है, लेकिन बीट प्रभारियों से लेकर थाना प्रभारी तक अपने जुगाड़ के फेर में प्रतिदिन शासन के लाखों की राजस्व की चोरी होते देख रहे हैं।

## शॉपिंग काम्प्लेक्स के शेड में युवक फांसी पर झूला



**शहडोल।** जिले के खैरहा थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े बस स्टैंड में युवक फांसी पर झूल गया, जिससे युवक की मौत हो गई है। थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि बस स्टैंड के सामने एक 30 वर्षीय युवक दिन दहाड़े शॉपिंग कांप्लेक्स के सेड में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। युवक ने जब फांसी लगाई तो शॉपिंग कंपलेक्स की कुछ दुकानें बंद थी और कुछ दुकानें खुली हुई थी, बंद दुकान के सेट में युवक ने गमछे से फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हुई है। युवक ने जिस बंद दुकान के सेट पर फांसी लगाई है उसके आसपास की दोनों दुकान खुली हुई थी, बस स्टैंड के सामने कि यह पूरी घटना है। घटना के समय काफी लोग घटना देख रहे थे लेकिन युवक को कोई बचाने आगे नहीं बढ़ा। जानकारी के अनुसार मृतक युवक लक्ष्मी कचेर उम्र 30 वर्ष खैरहा थाना क्षेत्र के नगर का रहने वाला है। युवक अपने घर से सुबह बस स्टैंड पहुंचा और बस स्टैंड के समीप ही शॉपिंग कांप्लेक्स में एक बंद दुकान के सेट में गमछे से फांसी पर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई है। वहीं मौजूद लोगों ने घटना की जानकारी पुलिस को दी जानकारी लगने के बाद घटनास्थल पहुंची पुलिस ने मामले पर मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि किन कारणो से युवक फांसी पर झूला है वह जांच के बाद सामने आएगा, मामले की जांच की जा रही है।

## पेड़ में झूलता मिला युवक-युवती का शव



**शहडोल।** शुक्रवार की दोपहर एक युवती और एक 17 वर्षीय किशोर का शव एक ही दुपट्टे के फंदे पर जंगल के एक पेड़ में लटके हुये मिलने से देवलोद थाना क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना को लेकर में तरह-तरह की चर्चाये व्याप्त हैं कोई इस घटना को प्रेम प्रसंग से जोड़ रहा है, तो कोई यह कह रहा है कि एक ही दुपट्टा आखिरकार दोनो की फाँसी का फंदा कैसे बना होगा। बहरहाल मामला जो भी हो यह तो विवेचना के पश्चात ही हकीकत का पता लग पायेगा।

घटना के संबध में देवलोद थाना के प्रभारी डी. के. दाहिया ने बताया कि बाणसागर बांध के सन्निकट ग्राम सतखुरी के जंगल में देवलोंद निवासी सरजू केवट का 17 वर्षीय पुत्र रोहणी केवट व उसकी रिश्तेदार युवती करीना केवट उम्र 20 वर्ष की लाश पेड़ में एक ही दुपट्टे में लटकी हुई मिली है। बताया गया है। बताया गया है कि युवती करीना केवट निवासी ग्राम रतवार जिला सीधी रामदयाल केवट की पुत्री है। जो बुधवार को अपने घर से रोहणी केवट के घर देवलोंद गई थी। जानकारी में बताया गया है कि रोहणी केवट की बहन करीना के भाई की पत्नी है इसलिये दोनो पक्षो का आना जाना एक दूसरे के घर बना रहता था।

दोनो की रिश्तेदारी प्रेम प्रसंग में कब बदल गई इस बात की भनक कुछ दिनों तक दोनों के परिजनों को नहीं लगी। इधर रोहणी के पिता को दाल में कुछ काला समझ में आया तो उसने रोहणी से कहा कि करीना को बस में बैठा कर घर लौट आओ। बुधवार की शाम दोनो बस स्टेण्ड की ओर रवाना हुये लेकिन रोहणी न तो अपने घर लौटा और न तो करीना अपने घर पहुंची। उधर दोनो पक्षों के परिजन उनकी पतासाजी मे लग गये। शुक्रवार की दोपहर वे तलाश में सतखुरी गांव की ओर गये तो जंगल में एक पेड में दोनों के शव एक ही दुपट्टे में लटकते हुये मिले। इस घटना की सूचना रोहणी के परिजनो ने देवलोद थाना की पुलिस को दिया। पुलिस ने पेड से दोनो के शव नीचे उतारे और मामला दर्ज किया। अब मामले की विवेचना जारी है हकीकत क्या है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा।

## विश्वविद्यालय के छात्रों ने किया उद्योग कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण




**शहडोल।** पंडित एस. एन. शुक्ला विश्व विद्यालय के प्रोफेसर नीलिमा खरे विभागाध्यक्ष के मार्गदर्शन में तथा सहायक प्राध्यापक अतिथि विद्वान नितिन गर्ग एवं डॉ. अशोक डेहरीया के निर्देशन में 03 मई को समाज कार्य विभाग मास्टर ऑफ़ सोशल वर्क के विद्यार्थियों ने जिला उद्योग कार्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी प्रबंधक जूही एवं प्रबंधक शैलेंद्र तथा सहायक प्रबंधक रामजी इनके द्वारा छात्रों को उद्योग कार्यालय में चल रही योजनाओं एवं गतिविधियों के बारे में विस्तार से समझाया गया तथा सेवा व्यवसाय एवं उत्पादन के बारे में शैलेंद्र के द्वारा काफी विस्तार से समझाने का प्रयास किया गया। छात्रों ने भी काफी लगन से उन बातों को नोट किया एवं जूही के द्वारा छात्रों की जिज्ञासाओं को शांत किया गया कि किस प्रकार के लोग उद्योग या उत्पादन जैसे क्षेत्रों में आगे बढ़ते हैं तथा शैलेंद्र के द्वारा उद्योग स्थापित करने या शुरुआत करने के लिए किन-किन कागजों की आवश्यकता पड़ती है और उद्योग कार्यालय किस प्रकार से उनकी सहायता करता है या प्रेरणा देता है, इस बारे में जानकारी प्रदान की गई और छात्रों को एमएसएमई सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के बारे में बताया गया।

## श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण-रुक्मणी विवाह का हुआ संगीतमय भजन प्रसंग

### धार्मिक भजनों पर श्रद्धालुओं ने किए नृत्य, जयकारों से माहौल हुआ धर्ममय?




**शहडोल।** क्षेत्र के अंतर्गत पटेल नगर में चल रहे भागवत कथा के छठवें दिन रुक्मिणी विवाह का प्रसंग कथा व्यास आचार्य श्री जानकीनंदन जी महराज जी ने विस्तार पूर्वक सुनाया। भगवान श्री कृष्ण-रुक्मणी के विवाह का प्रसंग सुनाया गया उन्होंने वृणन मे बताया की भगवान श्रीकृष्ण-रुक्मणी का वेश धारण किए बाल कलाकारों पर श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत कर विवाह के मंगल गीत गाकर नृत्य किया। कहा कि रुक्मणी विदर्भ देश के राजा भीष्म की पुत्री और साक्षात लक्ष्मी जी का अवतार थी। रुक्मणी ने जब देवर्षि नारद के मुख से श्रीकृष्ण के रूप, सौंदर्य एवं गुणों की प्रशंसा सुनी तो उसने मन ही मन श्रीकृष्ण से विवाह करने का निश्चय किया। रुक्मणी का बड़ा भाई रुक्मी श्रीकृष्ण से शत्रुता रखता था और अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से कराना चाहता था। रुक्मणी को जब इस बात का पता चला तो उन्होंने एक ब्राह्मण संदेशवाहक द्वारा श्रीकृष्ण के पास अपना परिणय संदेश भिजवाया। तब श्रीकृष्ण विदर्भ देश की नगरी कुंडीनपुर पहुंचे और वहां बारात लेकर आए शिशुपाल व उसके मित्र राजाओं शाल्व, जरासंध, दंतवक्त्र, विदु रथ और पौंडरक को युद्ध में परास्त करके रुक्मणी का उनकी इच्छा से हरण कर लाए। तत्पश्चात श्रीकृष्ण ने द्वारिका में अपने संबंधियों के समक्ष रुक्मणी से विवाह किया। वहीं सुन्दर झांकियां भी सजाई गई। इस दौरान श्रद्धालुओं को धार्मिक भजनों पर नृत्य करते व जयकारे लगाते हुए भी देखा गया। जिससे माहौल धर्ममय हो गया।

**ग्राम पंचायत घुनघुटी**
**जनपद पंचायत पाली, जिला उमरिया (म.प्र)**

ग्राम पंचायत के लोगो को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत घुनघुटी में एनएच 43 के चौराहे के पास सामुदायिक शौचालय है, जिसकी निविदा एक साल के हेतु होना है, दिनांक 07 मई समय 10:30 बजे से शाम 05 बजे तक रहेगा, जो निविदाकार इच्छुक हो वो अपना साल भर की निविदा बंद लिफाफे में जमा रखे। न्यूनतम राशि 3000/- रुपये है।

सचिव
ग्राम पंचायत घुनघुटी

**ग्राम पंचायत भौतरा**
**जनपद पंचायत पाली जिला उमरिया (म.प्र.)**

ग्राम टिकुरी बैगान
मोहल्ला परिवहन पेयजल आदेश
क्रमांक 8402 दिनांक-28.02.2024
के तहत ग्रीष्मकाल

सचिव
ग्राम पंचायत भौतरा

**जल परिवहन हेतु निविदा**

ग्राम पंचायत तिवनी अन्तर्गत ग्राम चंदनिया निविदा जमा करने दिनांक 02.05.2024 से 05.05.2024 तक रखा गया है।
स्थान - कार्यालय ग्राम पंचायत तिवनी
निविदा खुलने दिनांक 06.05.2024,
समय- 12 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत तिवनी
दिनांक - 08.05.2024 से पेयजल परिवहन किया जायेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत तिवनी

## घर में घुसकर तोड़ी पसली, माँ को पीटा, लूटा मोबाइल





**शहडोल।** जिले के बुढ़ार थाना क्षेत्र अंतर्गत रूंगटा तिराहे पर चाय-नाश्ते की दुकान करने वाले माँ-बेटे को दबंगों ने आधी रात घर में घुसकर पीटा, यही नहीं महिला के गले का मंगलसूत्र भी बदमाश अपने साथ ले गये, महिला जब पुलिस को फोन करने लगी तो, उसके हाथ से सेल फोन भी छुड़ाकर बदमाश चंपत हो गये, पीड़ित अनिल कुमार केवट ने थाने में इसकी शिकायत दी तो, पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट, लूट और महिला से अभद्रता के साथ सर तथा पसलियों में आई गंभीर चोट को दरकिनार करते हुए महज गाली-गलौज और मारपीट का मामला दर्ज किया है। इस घटना से बदमाशों के हौसले बढ़े हुए हैं। जिस कारण अब माँ-बेटे को जान से मारने तथा शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया जा रहा है।

### राजश्री गुटखे से उपजा विवाद

बुढ़ार नगर को राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 से जोडने वाले रूंगटा तिराहे पर फरियादी अनिल केवट पिता शिव कुमार केवट अपने परिवार के साथ चाय-नाश्ते की दुकान करता है। 25 अप्रैल की रात कुछ युवक राजश्री गुटखा लेने आये, दुकान बंद होने के कारण युवक ने बंद पेटी से सामान निकाल कर देने से मना कर दिया, जिससे बदमाश बिफर उठे, दरवाजे पर लात मारने लगे और जैसे ही युवक ने अंदर से कुण्डी खोली, सभी युवक घर के अंदर घुस गये और मारपीट कर गंभीर चोटे पहुंचाई। पुलिस ने इस मामले में धनपुरी निवासी भोला राजपूत और अन्य के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323, 506 और 34 के तहत देर रात ही अपराध कायम कर लिया था और युवक को अगले दिन मेडिकल के लिए भेजा गया।

### पसली व सर में गंभीर चोट

पीड़ति युवक ने बताया कि मामला तो दर्ज हुआ है, लेकिन गंभीर धाराएं नहीं लगाई गई है, बदमाश 5 से अधिक की संख्या में थे और घर के अंदर घुसकर उसके व उसकी माँ के साथ मारपीट की। मोबाइल और मंगलसूत्र छीना, माँ के साथ अभद्रता भी की, यही नहीं घटना से उसके सर और पसली में गंभीर चोट आई है। मेडिकल के बाद जो एक्स-रे हुआ है, उसमें चिकित्सक ने पसली क्रैक बताया है। एफआईआर दर्ज होने के बाद बदमाश उसे वापस लेने का दबाव बना रहे हैं, पुलिस अधीक्षक और एडीजीपी शहडोल से न्याय की दरकार है।

### कमिश्नर ने किया निरीक्षण

**शहडोल।** कमिश्नर बी.एस. जामोद ने तहसील कार्यालय जयसिंहनगर का आकस्मिक निरीक्षण किया। कमिश्नर ने तहसील कार्यालय में आलमारियां खोलकर राजस्व प्रकरणों के निराकरण से संबंधित फाइलें निकाल कर देखी, निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में राजस्व प्रकरणों को दायरा पंजी में दर्ज नहीं करने पर नाराजगी व्यक्त की।



## खबर संक्षेप

### ट्रेन से कटकर किशोरी की दर्दनाक मौत

**कोतमा।** रेलवे स्टेशन से आधा किलोमीटर आगे रेलवे लाइन पर बुधवार को ट्रेन से कटकर 16 वर्षीय किशोरी अंजलि यादव पिता स्वामी दिन यादव की दर्दनाक मौत होने का मामला सामने आया है। उक्त घटना 1 मई को अंबिकापुर अनूपपुर मेमू ट्रेन से रात 8 बजे के आसपास घटित हुई जिसकी सूचना ट्रेन के गार्ड द्वारा स्टेशन मास्टर कोतमा को दी गई और स्टेशन मास्टर के द्वारा सूचना थाना कोतमा में दिए जाने पर पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर पंचनामा बनाते हुए पीएम के लिए भिजवाया। बताया जाता है कि किशोरी की मां का 1 वर्ष पूर्व ही निधन हो गया था। जिस कारण किशोरी अपनी बुआ के घर में रहती थी और अपने घर कल्याणपुर आई थी घटना का कारण अज्ञात है। पुलिस मर्ग कायम कर जांच कर रही है। किशोरी की मौत की खबर से पूरे बस्ती में सनसनी फैल गई।

### फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**कोतमा।** कोतमा न्यायालय से पिछले 4 वर्षों से फरार स्थाई वारंटी को पुलिस ने बुधवार को पकड़ा है। पकड़े गए वारंटी प्रदीप सिंह गोंड 38 वर्ष पिता मोती लाल सिंह निवासी पौराधार के खिलाफ थाना कोतमा में शासकीय सेवक के साथ मारपीट, शासकीय कार्य में बाधा पहुंचाने सहित जान से मारने की धमकी को लेकर धारा 294, 353, 332, 506 आईपीसी में केस दर्ज है। न्यायालय में पिछले कई वर्षों से पेशी में न जाते हुए फरार रहने पर न्यायालय से स्थाई वारंट जारी किया गया था और वारंटी को पकड़ने में उपनिरिक्षक पुष्पराज सिंह, आरक्षक प्रदीप यादव, दिनेश किराडे शामिल रहे।

### 22 स्थानों से 153 लीटर अवैध शराब जप्त

**शहडोल।** पुलिस अधीक्षक कुमार प्रतीक द्वारा शहडोल जिले में शराब की अवैध बिक्री की रोकथाम हेतु विशेष अभियान चलाया जाकर सभी थाना प्रभारियों को अधिक से अधिक अवैध रूप से शराब की बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही करने हेतु दिशा निर्देश दिये गए थे। जिसके पालन में 01 मई को अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरुद्ध थाना प्रभारियों द्वारा कार्यवाही कर 22 स्थानों पर दबिश देकर कुल 153 लीटर कच्ची महुआ जप्त की गई।

### वाहन मालिक उप वनमण्डल में अपना पक्ष रखे, अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही होगी

**उमरिया।** प्राधिकृत अधिकारी एवं उप वन मण्डल अधिकारी उप वनमण्डल ने बताया कि प्रकरण में 2 अप्रैल को 2023 को हीरो होण्डा मोटर सायकल क्रमांक एमपी 18 एमबी 0561 को, बिना नंबर की मोटर सायकल 12 सितंबर 2023 को जप्त की गई है। दोनो वाहन के वाहन मालिक प्रकरण जांच से लेकर अधिहरण कार्यवाही के दौरान उपस्थित नहीं हो रहे है। सुखदेव पिता चुलबुल केवट रिजनल आफिस सीबीएल जिला शहडोल की हीरो होण्डा सीडी डिलक्स क्रमांक एमपी 18 एमबी 0561 को वन कक्ष क्रमांक आरबी 802 54, ग्राम दुलहरी से विंध्या कालोनी सडक मार्ग पर बिना नंबर की हीरो होण्डा मोटर सायकल को वन अपराध में संलिप्त पाए जाने पर 20 अगस्त 2023 को जप्त किया गया। वन अपराध प्रकरण जांच के दौरान एवं अधिहरण कार्यवाही के दौरान बारंबार सूचना दिए जाने के उपरांत भी वाहन मालिक उपस्थित नहीं हुए। वाहनो के मालिको को सूचित किया गया है कि 20 मई तक या उससे पूर्व कार्यालयीयन समय में कार्यालय उप वन मण्डकलाधिकारी उप वनमण्डल उमरिया में उपस्थित होकर अपना पक्ष रखे, अन्यथा अनुपस्थित रहने पर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए वाहन को अधिहरण राजसात किया जाएगा।

---

मोबिलाइजर भर्ती की खुली पोल, 7 दिन में मांगा कार्रवाई प्रतिवेदन

# फर्जी भर्ती निरस्तः पात्र अभ्यर्थी को नियुक्त करने का आदेश

**उमरिया।** जनपद पंचायत पाली अंतर्गत स्थित ग्रामपंचायत बेली अंतर्गत की गई मोबिलाइजर की भर्ती में फर्जीवाड़ा किए जाने का खुलासा होते ही सीईओ जिला पंचायत ने आदेश जारी किया है कि कूट रचित दस्तावेज से भर्ती श्रीमती प्रियंका यादव का नियुक्ति पत्र निरस्त किया जाकर आवेदिका श्रीमती रंजना यादव को नियमानुसार नियुक्ति आदेश जारी किया जाए। साथ ही जनपद स्तर से नियत छानबीन समिति के सभी सदस्यों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें तथा की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन 7 दिवस के भीतर कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। सीईओ जिला पंचायत के इस कड़े आदेश के बाद ग्रामपंचायत व जनपद कार्यालय में सनसनी फैल गई है। ज्ञातव्य है कि पात्र अभ्यर्थी रंजना यादव को षड्यंत्र पूर्वक लाइन से बाहर कर एक अयोग्य उम्मीदवार को अवसर प्रदान किया गया। इस खेल में सीइओ, जांच समिति के सदस्य व कुछ अन्य लोगों ने भूमिका निभाई और जमकर लेनदेन किया गया। लेकिन सीइओ ने सही निर्णय लेते हुए सारे दांव पलटा दिए। इसमें केवल कमी इस बात की रह गई कि इस फर्जीवाड़ा में शामिल अभ्यर्थी व उसके सहयोगियों के विरुद्ध धोखाधड़ी का आपराधिक प्रकरण दर्ज नहीं कराया गया है।

### यह था भर्ती का मामला

ग्राम पंचायत बेली जनपद पाली में पैसा एक्ट अंतर्गत ग्राम सभा मोबाइलजर पद के लिए 12 आवेदन पत्र हुए थे। ग्राम पंचायत द्वारा तैयार मैरिट सूची में श्रीमती रंजना यादव पति ब्रज किशोर यादव का नाम प्रथम स्थान पर था। जबकि प्रियंका यादव का नाम छठवें नंबर पर था। आवेदन पत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 18 सितम्बर 2023 थी। इस तारीख को प्रियंका यादव ने अपना आवेदन पत्र ग्राम पंचायत में जमा किया। मेरिट सूची सहित सभी आवेदन जनपद पंचायत पाली में दावा आपत्ति निराकरण समिति के समक्ष पंचायत द्वारा प्रस्तुत किए गए। जनपद पिंचायत पाली के जिम्मेदार कर्मचारियों के द्वारा प्रियंका यादव के आवेदन पत्र में 5 अक्टूबर 2023 को जारी की गई कम्प्यूटर ऑपरेटर कोर्स की अंकसूची संलग्न की गई। फलस्वरूप उनका नाम अंतिम चयन सूची में प्रथम स्थान पर आ गया। बिना इस त्रुटि का अवलोकन किए ही जनपद सीईओ के 13 दिसम्बर 2023 के पत्र क्रमांक 7386 में ग्राम पंचायत बेली द्वारा 10 जनवरी 2024 को श्रीमती प्रियंका यादव का नियुक्ति आदेश जारी कर दिया गया।

### सीईओ जिला पंचायत से शिकायत

इस प्रकार की धांधली होने पर मामले की शिकायत


कार्यालय जिला पंचायत उमरिया मध्यप्रदेश

सीईओ जिला पंचायत से कर दी गई। उन्होने शिकायत पत्र को संज्ञान में लेते हुए जांच शुरू करा दी। जांच में दस्तावेजों के परीक्षण से प्रमाणित रूप से यह सिद्ध पाया गया कि श्रीमती प्रियंका यादव द्वारा जनपद स्तरीय गठित जांच समिति के साथ सांठ-गांठ कर आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथित 18 सितम्बर 2023 के बाद 5 अक्टूबर को जारी कम्प्यूटर ऑपरेटर कोर्स की अंकसूची संलग्न करने में सफल रही। इसके लिए श्रीमती प्रियंका यादव की नियुक्ति कूटरचित तरीके से दस्तावेज संलग्न करने के परिणाम स्वरूप नियुक्ति निरस्त किया जाना प्रस्तावित है एवं जनपद स्तरीय समिति के तीनो सदस्य पतरूराम भगत खण्ड पंचायत अधिकारी, मुकेश अवधिया ब्लका समन्वयक एसबीएम एवं रेवा प्रसाद बैगा समग्र सामाजिक सुरक्षा विस्तार अधिकारी के विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही किया जाना प्रस्तावित है।

### सीइओ जनपद पाली को निर्देश

सीइओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया ने 2 मई को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पाली को पत्र जारी किया है, जिसमें उल्लेख है कि श्रीमती रंजना यादव पति ब्रज किशोर यादव निवासी ग्राम बेली पोस्ट पाली की शिकायत जांच प्रतिवेदन अनुसार सही पायी गई। जांच में पाया गया कि पंचायत बेली में मोबिलाईजर भर्ती प्रक्रिया अंतर्गत आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 18 सितम्बर 2023 तक थी। श्रीमती प्रियंका यादव के आवेदन पत्र में 05 अक्टूबर 2023 को जारी कूटरचित दस्तावेज संलग्न कर श्रीमती प्रियंका यादव को वरियता सूची में प्रथम स्थान पर लाकर नियुक्ति पत्र जारी कराया गया। फलस्वरूप श्रीमती प्रियंका यादव को जारी नियुक्ति पत्र निरस्त किया जाकर आवेदिका श्रीमती रंजना यादव को नियमानुसार नियुक्ति आदेश जारी कराया जावे। साथ ही जनपद स्तर से नियत छानबीन समिति के सभी सदस्यों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित करें तथा की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन 7 दिवस के भीतर कार्यालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

### धोखाधड़ी का मामला कायम हो

सीइओ जिला पंचायत ने नियुक्ति निरस्त कराने और पात्र अभ्यर्थी को नियुक्ति देने का आदेश तो दिया लेकिन धोखाधड़ी में लिप्त दावा आपत्ति छानबीन समिति के सदस्य व कूट रचित दस्तावेज प्रस्तुत कर नौकरी हासिल करने वाले अभ्यर्थी और उसके सहयोगियों पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज नहीं कराया गया है। जबकि यह शासन से धोखाधड़ी किए जाने का मामला है। इस मामले में अधिकारी सोच विचार की मुद्रा में हैं। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि इस संबंध में तैयारी की जा रही है।

### इनका कहना है

सोमवार को हम एफआईआर के लिए प्रस्ताव भेज देंगे और जिसकी नियुक्ति हुई है उसको भी सूचनार्थ जानकारी भेज देगे।

**कुंवर कन्हाई**
**सीइओ, जनपद पाली**

---

### नपा ने की सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के तहत कार्यवाही



**धनपुरी।** नगर पालिका धनपुरी क्षेत्रान्तर्गत प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के तहत 02 मई को नेहरू डिग्री कालेज से लेकर अटल द्वार तक दुकानो में प्लास्टिक थैलियो, चम्मच,गिलास, स्ट्रा आदि सिंगल यूज प्लास्टिक सामग्री की जप्ती की कार्यवाही की गयी, साथ ही व्यापारियों एवं विक्रेताओ को समझाईस दी गयी कि नगर पालिका क्षेत्रान्तर्गत सिंगल यूज प्लास्टिक पूर्णतः प्रतिबंधित है। इसके जगह पर आप कपड़े से बनें थैले, स्टील के बर्तनो, लकड़ी के चम्मचो एवं कॉच की गिलास का उपयोग करें। नगर पालिका द्वारा चालानी कार्यवाही में लगभग 11 किलो पॉलीथीन जब्त की गयी, साथ ही 800 का जुर्माना भी वसूल किया गया। नगर पालिका द्वारा कार्यवाही निरंतर प्रारम्भ रहेगी। निकाय की इस कार्यवाही में व्यापारियों एवं विक्रेताओ द्वारा शपथ भी ली गयी कि हम सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करेंगें, नगर एवं पर्यावरण को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने में सहयोग प्रदान करेंगे। उक्त कार्यवाही के दौरान स्वच्छता प्रभारी संजय श्रीवास्तव, सहायक शैलेष पाठक, स्वच्छता पर्यवेक्षक शारदा ईमालिया, राजन खुरसैल, योगेन्द्र ईमालिया, सुजीत ईमालिया, स्वंसेवी संस्था फीडबैक फाउन्डेशन चेरिटेबल ट्रस्ट की टीम के साथ उपस्थित रहें।

### नरवाई न जलाएं, मिट्टी की उर्वरा शक्ति बढ़ाएं : उप संचालक

**उमरिया।** उप संचालक कृषि खेलावन डेहरिया द्वारा किसानों से अपील की गई है कि अपने खेतों में नरवाई न जलाये और न ही खेतों में आग लगाये। नरवाई जलाने से खेत की उर्वरा शक्ति कमी आती है। वर्तमान में खेती में यंत्रीकरण का उपयोग बढ़ने एवं कटाई हेतु कम्बाईन हारवेस्टर ट्रैक्टर रीपर का बड़े पैमाने में उपयोग बढ़ता जा रहा है किसानों द्वारा गेहूँ धान कटाई बाद डंठल यानि नरवाई एवं भूसा खेती में छोड़ दिया जाता है, जिसको किसान भाई कचरा समझकर आग लगा देते है। नरवाई में आग लगाने से सिर्फ नरवाई ही नही जलती बल्की उसमें जमीन के अंदर उपस्थित सभी सूक्ष्म जीव तापमान बढ़ने से समाप्त हो जाते है, परिणाम स्वरूप जली हुई भूमि मृत अवस्था में बदल जाती है, जिसमें सजीव होने में कई वर्ष लग जाते है। नरवाई जलाना न सिर्फ किसान के लिये हानिकारक है अपितु प्रकृति पर्यावरण भूमि का प्रदूषण होता है। किसानो से अपील की गई है कि खेतों में नरवाई बिल्कुल न जलाये तथा मुख्य रूप से नरवाई का उपयोग खाद बनाने में भूसा बनाने में करें, इसके लिये किसान मिट्टी पलटने पाले यंत्र का उपयोग कर गहरी जुताई करें। जिससे उपलब्ध नरवाई मिट्टी में अच्छी तरह से मिल जाए एवं आगामी समय में कार्बनिक शक्ति बढ़ाने में मददगार साबित हो किसान भाई कम्वाईन हार्वेस्टर के साथ भूसा मशीन (स्ट्रारीपर) का अवश्य उपयोग करें, इससे खेत में बची हुई नरवाई कटकर भूसा में परिवर्तित हो जाती है स्ट्रारीपर चलाने के बाद रोटावेटर चलाकर जुताई करने से जमीन भुरभुरी होकर उसमें एकरूपता आ जाती है,

# विधिक जागरूकता शिविर का हुआ समापन

**उमरिया।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय एम. एस. तोमर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में तथा जितेन्द्र कुमार बाजोलिया जिला न्यायधीश-सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशन में जिला जेल में विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सचिव जितेंद्र कुमार बाजोलिया एवं वर्षा भाटी मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट उमरिया के द्वारा बंदियों के अधिकार और निःशुल्क विधिक सहायता के विषय पर जानकारी दी गई। शिविर में डी.एस. सारस जेल अधीक्षक जिला जेल उमरिया एवं माखन सिंह मार्को उप जेल अधीक्षक उपस्थित रहे। अतुल कुमार बाजपेई, प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय ने ई संजीवनी टेली मेडिसिन एवं प्रशिक्षण योजनाओं के बारे में बताया।



## शीघ्रता से कार्य पूरा नहीं हुआ तो उपयंत्रियों-ठेकेदारों पर होगी कार्यवाहीः कलेक्टर

**उमरिया।** ग्रीष्म काल में पेयजल संकट से निपटने हेतु जिले मे निर्माणाधीन एकल एवं सामूहिक नल जल योजनाओं का लाभ लक्षित व्यक्तियों तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। योजनाओ के संचालन में जो भी कठिनाईयां हो उन्हे अंतरविभागीय समन्वय बनाकर दूर किया जाए। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में जिन नल जल योजनाओ में 75 प्रतिशत से अधिक कार्य हो गया है उन्हें 10 मई तक, 50 प्रतिशत कार्य वाले योजनाओं को 20 मई तक तथा शेष योजनाओ को 30 मई तक अनिवार्य रूप से पूरा किया जाए। अन्यथा संबंधित विभाग के अधिकारियों, उपयंत्रियों के विरूद्ध अनुशासनात्मतक कार्यवाही तथा ठेकेदारों को पेनाल्टी लगाने एवं ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही की जाएगी। यह निर्देश कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने ग्रीष्म कालीन पेयजल संकट से निपटने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जल जीवन मिशन के अधिकारियों एवं ठेकेदारों की समीक्षा करते हुए दिए। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि एकल नल जल योजनाएं तथा सामूहिक नल जल योजनाओ से लक्षित ग्राम के सभी घरों में पानी पहुंचाने का कार्य किया जाए। समय-समय पर मानीटरिंग कर संबंधित ग्राम पंचायतों को तकनीकी मार्गदर्शन भी दिया जाए। जिन स्थानो में भूमि आवंटन या अन्य समस्यायें है उसकी जानकारी अपने अधिकारी के माध्यम से दें जिससे उनका समय पर निराकरण कराया जा सके। उन्होंने कहा कि जिले में जो हैण्डपंप खराब पडे है उन्हें 48 घंटे के भीतर ठीक करा लिया जाए। कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने बताया कि जिले मे कुल 274 ग्रामों में एकल नल जल योजनाएं स्वीकृत है, जिनमें 186 में कार्य प्रगति पर है। कुछ नल जल योजनाएं जल स्रोत के कारण बंद है। उन्होने बताया कि खराब हैंडपंपो को सुधारने के लिए सात वाहन लगाए गए है। जिले मे कुल हैंडपंपो की संख्या 9491 है जिसमें 73 हैण्डपंप खराब है। इसी तरह उप महाप्रबंधक जल जीवन मिशन ने जिले मे संचालित सामूहिक नल-जल योजनाओं की जानकारी दी। बैठक में कार्यपालन यंत्री विद्युत मण्डल अभिषेक ठाकुर, लोक स्वाास्थ्य यांत्रिकी विभाग का अमला, ठेकेदार, जल जीवन मिशन के अधिकारी उपस्थित रहे।



## गिद्ध गणना का हुआ समापन

**उमरिया।** बांधवगढ़ मे शुरू हुई तीन दिवसीय ग्रीष्म कालीन गिद्ध गणना में बांधवगढ़ के 139 बीटो में 500 से अधिक कर्मचारी एवं अधिकारियों ने भाग लिया। बाघो के लिए पूरी दुनिया में अपनी अलग ही पहचान बनाने वाले बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 29 अप्रैल को शुरू हुई गिद्ध गणना का समापन 01 मई को हुआ। तीन दिनों तक चली इस गिद्ध गणना में टाइगर रिजर्व के अधिकारी-कर्मचारी क्षेत्र में जाकर एक निश्चित प्रपत्र को भरकर क्षेत्र संचालक कार्यालय में भेजा गया। तीन दिवसीय हुई इस गिद्ध गणना के लिए कर्मचारियों को जानकारी और प्रशिक्षण भी दिया गया था। टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों में यह गणना की गई। जिसमे बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्र के 139 बीट में 500 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी गिद्ध गणना मे शामिल रहे। अधिकारी-कर्मचारी क्षेत्र में पैदल घूमकर गिद्ध गणना को अंजाम दिए है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के चार परिक्षेत्र ताला, पतौर, खितौली और पनपथा कोर एरिया में मुख्य रूप से देशी गिद्ध, सफेद गर्दन वाले गिद्ध, राज गिद्ध, सफेद गिद्ध और यूरेशियन गिद्ध देखने को मिलते है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक पी.के. वर्मा ने बताया कि गर्मियों में पहली बार गिद्ध गणना की गई है, सामान्यतः यह गिद्ध गणना ठण्ड में की जाती रही है, लेकिन इस बार ठण्ड में की गई गणना में 246 गिद्ध थे और अब गर्मियों में हुई गिद्ध गणना में यह आकड़ा 300 के पार हो गया है, जो बांधवगढ़ के लिए उपलब्धि है।



# बिना अनुमति अतिक्रमित, घर के पास बोर करते पकड़ा गया राम सिंह

### बोरिंग मशीन ने फेंसिंग तोड़ कर 148 पौधे किये नष्ट

**कोतमा।** वन परिक्षेत्र कोतमा अंतर्गत बीट कल्याणपुर के कक्ष क्रमांक आर 465 में 30 अप्रैल को दो बोरिग मशीन वाहन क्रमांक केऐ 01 एम.पी 8929, 2-केए 01 एमपी 7209 जो रात्रि में वनक्षेत्र में बिना अनुमति के प्रवेश करने और सुबह वनक्षेत्र में बिना अनुमति के रामसिंह बैगा के अतिक्रमित घर के पास बोर करते पकडा गया है। दोनों वाहनों के वाहन चालक मौके से फरार पाए जाने पर वाहन के साथ उपस्थित नरेश द्विवेदी पिता कुन्जबिहारी द्विवेदी निवासी ग्राम ठाडा जिला रीवा से पूछताछ किया गया। मौके से कक्ष क्रमांक आर एफ 465 एन.पी.व्ही.कैम्पा मद अंतर्गत बांस वृक्षारोपण वर्ष 2020-21 में बोरिग मशीन वाहन द्वारा फेंसगि तोडना पाया गया है तथा 148 पौधे वाहन से नष्ट होना पाया गया है। जप्त वाहन को फारेस्ट कैम्पस में लाकर खडा कराया गया है। वाहन जप्ती कर पीओआर प्रकरण क्रमांक 4763/14 दिनांक 30.04.2024 पंजीबद्ध किया गया है।




कार्यवाही में हरीश तिवारी वन परिक्षेत्राधिकारी, एके निगम उपवनक्षेत्रपाल, परिक्षेत्र सहायक जेडी धार्वे, राजू केवट, विनोद मिश्रा, बीटगार्ड हरीश अहिरवार, अभिलाष सोनी, दादूराम कुशवाहा बीटगार्ड मलगा, बृजेश गुप्ता, रमेश अहिरवार, राघवेन्द्र तिवारी, वनरक्षक शिवकुमार साहू, आकाश सोनी शामिल थे।

## एक शाम मजदूरों के नाम का आयोजन



**बदरा/जमुना।** 1 मई को मजदूर के अवसर पर सेन्टर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन (सीटू) के तत्वाधान में कोतमा कॉलरी स्थित मजदूर चौक में एक शाम मजदूरों के नाम के तहत विचार गोष्ठी एवं काव्यगोष्ठी का आयोजन किया गया। सीटू से वेलफेयर बोर्ड के सदस्य (एसईसीएल) महेश श्रीवास्तव ने मजदूरों की दशा और दिशा पर अपने वक्तव्य से जन समुदाय को झकझोर कर दिया। वैचारिक सत्र के पश्चात काव्य गोष्ठी आरम्भ हुआ जिसमें कवियों ने अपनी मौहक प्रस्तुति द्वारा श्रोताओं का मन मोह मोह लिया। उपस्थित कवियों में जनाब मगबूल अहमद दर्द गोविंद वर्मन, कैलाश पाठकर, यासीन खान, सफी अहमद, दादू लाल, अमरेन्द्र सिंह परिहार, शिवम शर्मा, केके सोनी, कृष्ण कुमार मिश्रा, पंकज द्विवेदी शामिल रहे। कार्यक्रम के अंत में सीट प्रमुख इन्द्रपति सिंह ने पुरजोर तरीके से मजदूरों का पक्ष उठाया, कार्यक्रम में मीडिया प्रतिनिधि के रुप में वरिष्ठ पत्रकार संतोष चौरसिया उपस्थित रहे, कोल इंडिया पेंशनर्स एसोशिएशन के संयोजक राजेन्द्र सिंह ने वक्तव्य दिया और आभार प्रदर्शन आर एस यादव ने किया एवं कार्यक्रम का संचालन यासीन खान किया, भोजन के उपरान्त कवियों को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये।

## अवैध रेत से भरे दो ट्रैक्टर ट्राली को वन विभाग ने पकड़ा

**कोतमा।** मुख्य वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल एलएल उइके के निर्देशन पर वनमंडलाधिकारी अनूपपुर सुश्री श्रद्धा पेन्द्रे एवं उप वनमंडलाधिकारी अनूपपुर पीके खत्री के द्वारा वन अपराध व अवैध रेत परिवहन पर रोक लगाने के उद्देश्य से अभियान चलाया जा रहा है। वन परिक्षेत्र कोतमा के लतार सर्किल अंतर्गत बीट हरद के कक्ष क्रमांक आर एफ 452 से होकर गुजरने वाली गोहडरी नदी में राजस्व क्षेत्र से अवैध रेत उत्खनन कर जंगल के रास्ते परिवहन करते हुए 02 ट्रैक्टर मय ट्राली में लोड रेत सहित वन परिक्षेत्र कोतमा के रात्रिकालीन गश्ती दल के द्वारा 30-1अप्रैल की दरमियानी रात पकड़ा गया। दोनों ट्रैक्टर चालको से पूछताछ करने पर उनके पास उक्त रेत परिवहन संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर कार्यवाही करते हुए दोनों ट्रैक्टर मय ट्राली में लोड रेत सहित जप्ती की कार्यवाही कर वाहन को वन परिक्षेत्र कार्यालय कैम्पस में लाकर सुरक्षित खड़ा कराया गया। परिक्षेत्र अधिकारी हरीश तिवारी ने बताया कि नीले रंग का स्वराज मॉडल 834 पंजीयन क्रमांक एमपी 65 एए 2613 ट्राली नीले रंग की बिना नंबर की जिसके वाहन चालक अजय सिंह पिता हरि सिंह उम्र 21 वर्ष वाहन मालिक हरि सिंह पिता केमल सिंह दोनो निवासी पयारी नंबर 1 दूसरा वाहन लाल रंग का महिंद्रा युवो मॉडल 415 आईडी ट्राली न्यू सोल्ड वाहन चालक मोहन पिता रज्जु केवट निवासी ग्राम पयारी नंबर 1 व वाहन मालिक रमेश सिंह पिता चैन सिंह निवासी ग्राम दैखल वाहन को जप्त करते हुए वन विभाग परिसर में खड़े करवाया गया है। कार्यवाही में हरीश तिवारी वन परिक्षेत्राधिकारी, बीट गार्ड कुशल मानिकपुरी, बिहारीलाल रजक शंकरदीन द्विवेदी, अभिलाष सोनी आकाश सोनी सुरक्षा श्रमिक राम सिंह शामिल थे।



### अजुंमन कमेटी के भूमि पर अवैध कब्जा

**कोतमा।** नगर के बाजार क्षेत्र में वक्फ बोर्ड अजुंमन कमेटी के भूमि पर अवैध तारिके से मकान बनाकर कबजा कर रखे है अजुंमन कमेटी के अध्यक्ष मो.अहमद एवं कमेटी के सदस्यों ने लिखित आवेदन थाना कोतमा एसडीएम कोतमा एवं दिलीप जयसवाल मध्यप्रदेश वक्फ बोर्ड अध्यक्ष को दिया गया है कि इरशाद अहमद ने अजुंमन कमेटी के भूमि पर अवैध निर्माण कर कब्जा कर रखा है, जबकि इरशाद अहमद वक्फ बोर्ड जिला अनूपपुर का अध्यक्ष जिसमे मस्जिद निर्माण है उसके बगल से मस्जिद मे आने जाने का रास्ता है जिसमे नमाज करने वालो को काफी परेशानी होती है इरसाद कब्जा किये गये जमीन को खाली कराये जाने एवं वक्फ बोर्ड के जिलाध्यक्ष को पद से हटाये जाने की मांग की गई है।

बाजार में खूब बिक रहे मिट्टी के घड़े

# भीषण गर्मी के बीच देशी फ्रिज की बढ़ी मांग

**कोतमा।** नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र में भीषण गर्मी पड़ रही है। तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के पार चला गया है। लू भी तेज चल रही है। मौसम के इस बदले मिजाज संग तालमेल बिठाने के लिए सेहत का ठीक होना जरूरी है। ऐसे में इस भीषण गर्मी में शरीर को ठंडक प्रदान करने के लिए मिट्टी के घड़े को पसंद किया जा रहा है। गर्मी बढ़ते ही देशी फ्रिज यानी मिट्टी के घड़े और सुराही की मांग बढ़ गई है। गर्मी की तपिश से गला तर करने के लिए लोग मिट्टी के घड़े और सुराही की खरीदारी कर रहे हैं।



### इस वजह से घड़ा लोगों की पहली पसंद

बाजार में मिट्टी के घड़े खूबे बिक रहे हैं। गर्मी के दिनों में काफी लोग फ्रिज का पानी पीने की बजाय मटके का पानी पीना ज्यादा पसंद करते हैं। घड़े में एक तो मिट्टी का सोंधापन होता है, दूसरे उसके पानी की तासीर अलग होती है। मटके का पानी गला भी खराब नहीं करता। मिट्टी से बने बर्तनों को खरीदने के लिए ज्यादातर युवाओं की भीड़ देखने को मिल रही है। नगर में रविवार को साप्ताहिक बाजार होने के कारण नगर सहित कोयलांचल एवं ग्रामीण क्षेत्र के बड़े बुजुर्ग महिलाएं युवा वर्ग मिट्टी के खड़े की दुकान में घड़ा एवं सुराही खरीदते नजर आए।

### इतनी है कीमत

बड़ा घड़ा 30 लीटर 250 रुपये प्रति पीस, मीडियम घड़ा 20 लीटर 170 और 200 रुपये प्रति पीस, छोटा घड़ा 10 लीटर 100 रुपये प्रति पीस, सुराही 6 लीटर 150 रुपये, वाटर बोतल 120 से 150 रुपये में बाजार में उपलब्ध है।

**खबर संक्षेप**

## एसईसीएल रामपुर खदान की ट्रक ने बैल को मारी टक्कर



**अमलाई।** थाना अंतर्गत एसईसीएल रामपुर खदान के बड़े वाहनों से एक बैल को ठोकर मारने की शिकायत की गई है शिकायतकर्ता विजय साहू पिता राम भजन साहू ने अमलाई थाना प्रभारी को पत्र लिखकर सूचना दी कि एसईसीएल उसका बैल ट्रक पार्किंग एरिया को पार कर रहा था तभी एक ट्रक द्वारा बैल को ठोकर मार दी गई जिसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई बैल की मृत्यु उपरांत रामपुर सरपंच द्वारा जांच कर पुष्टि की गई है यह भी बताया कि ट्रक चालकों द्वारा आये दिन किसी न किसी मवेशियों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है। लापरवाही पूर्वक वाहन चलाया जाता है जिससे खतरा बना रहता है शिकायतकर्ता ने थाना प्रभारी को सूचना देकर न्याय की गुहार लगाई है। घटना को गंभीरता से लेते हुए अमलाई थाना प्रभारी जेपी शर्मा ने पशु चिकित्सक अधिकारी बुढ़ार को पत्र लिखकर पीएम करने और पीएम रिपोर्ट से अवगत कराने को पत्र लिखा है।

## उत्कृष्ट परिणाम के लिए सम्मानित किया

**अमलाई।** शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अमलाई की अतिथि शिक्षक रक्षा मिश्रा को कलेक्टर एवं जिला शिक्षा अधिकारी अनूपपुर द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है बरगवां निवासी लालजी मिश्रा की सुपुत्री रक्षा मिश्रा शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल अमलाई कालरी में लेखा शास्त्र शाखा में अतिथि शिक्षक के रूप में सेवा दे रही है जिसमे सौ प्रतिशत परिणाम आने पर सम्मानित किया गया है।

## मतदाताओं का आभार महोत्सव कार्यक्रम आज

**उमरिया।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन में ग्राम पठारी एवं कुनकुनी के मतदाताओ द्वारा शत-प्रतिशत मतदान किया गया है। जिनके सम्मान मे मतदाता आभार महोत्सव कार्यक्रम ग्राम पठारी विकासखण्ड करकेली में दोपहर 02 बजे से तथा ग्राम कुनकुनी विकासखण्ड पाली में सायं 04 बजे से आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

## खुले बोरवेल की सूचना देने पर मिलेगा एक हजार का ईनाम

**रीवा।** जिले भर में अभियान चलाकर अनुपयोग और खुले बोरवेल बंद कराए जा रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में जनपद पंचायत तथा पीएचई विभाग एवं शहरी क्षेत्रों में नगरीय निकाय बोरवेलों का सर्वेक्षण कर रहे हैं। अनुपयोगी तथा खुले बोरवेलों को बंद कराया जा रहा है। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने बताया कि आपदा प्रबंधन के लिए जिले में हेल्पलाइन नम्बर पर खुले बोरवेल, नलकूप एवं ट्यूबवेल के संबंध में जानकारी दी जा सकती है। इसका मोबाइल नम्बर 7648862100 है। इस पर खुले बोरवेल की फोटो अथवा वीडियो सहित सूचना देने वाले को एक हजार रुपए का ईनाम दिया जाएगा। साथ ही बोरवेल के मालिक के विरूद्ध एफआईआर दर्ज करके कार्यवाही की जाएगी। जिला प्रबंधक लोक सेवा केन्द्र रविकांत पाण्डेय को इस कार्य के लिए नोडल नियुक्त किया गया है।

## रक्तदान शिविर आज

**रीवा।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री सुबोध कुमार जैन के मार्गदर्शन एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीर्वाद भिलाला के नेतृत्व में 4 मई को न्यायालय परिसर रीवा में प्रातः 11 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। जिला विधिक सहायता अधिकारी ने आमजन से अनुरोध किया है कि रक्तदान शिविर को रक्तदान जैसे पुनीत कार्य में रक्तदान कर सहयोग प्रदान करें।

**बंगवार, रामपुर बटुरा, राजेंद्रा,खैरहा और दामिनी मांइस मे टूटी दीवारें, आए दिन हो रही चोरियां, हलाकान प्रबंधन फिर भी लापरवाही**

# कबाड़ी ले जाएं करोड़ों का माल, नहीं बनेगी बाउण्ड्रीवॉल

धनपुरी

एसईसीएल सोहागपुर एरिया मे बंगवार भूमिगत माइंस, रामपुर बटुरा ओसीएम राजेंद्रा,खैरहा,और दामिनी मांइस जहां खदान की बाउंड्री वॉल एक दशक से अधिक समय से टूटा हुआ है बाउंड्री वॉल टूटे होने के चलते खदानों से आए दिन कोयला कीमती पार्टसो की चोरी लगातार होने के बाद भी बाउंड्री वॉल का निर्माण न होना समझ से परे है। जबकि साल में कई बार कंपनी सेफ्टी बोर्ड का दौरा हुआ जहां कंपनी बोर्ड के सदस्यों के द्वारा खदानों का निरीक्षण किया गया। सेफ्टी बोर्ड के टीम के द्वारा रामपुर बटुरा पहुंचकर खदान का निरीक्षण किया खदानों में कोयला उत्पादन से जुड़ी समस्याओं का अवलोकन किया और सुधार करने की बात कही। वही बंगवार भूमिगत माइंस पहुंचकर निरीक्षण के उपरांत खदान में सेफ्टी संबंधी उपकरणों की जरूरत को पूरी की जाए वेंटीलेशन स्टॉपिंग खदान के अंदर सुरक्षा के उपकरण ध्यान आकर्षण कराया गया। लेकिन श्रमवीरों का कहना है कि खदान के अंदर खदान के बाहर सुरक्षा की कमी देखी जा रही हैदस साल मे नहीं लगी लाइट खैरहा मेन गेट से खदान कार्यस्थल पहुंच मार्ग पर आज तक लाइट की व्यवस्था नहीं हो सकी है, शायद आगे भी प्रकाश की व्यवस्था रोड पर दिखाई ना दे। बताया जाता है कि खैरहा खदान पहुंच मार्ग रोड के अलावा कालरी प्रबंधन के पास बिजली पोल गाड़ने के लिए जमीन नहीं है। रोड के अगल बगल किसानों की जमीन जहां खेती किसानी होती है ऐसे में बिजली पोल गाड़ने की व्यवस्था ना होने के चलते खदान खुलने के बाद से अभी तक रोड पर प्रकाश की व्यवस्था नहीं बन सकी है। प्रबंधन द्वारा और कोई ऐसी व्यवस्था नहीं बनाई गई जिससे नाइट शिफ्ट में कार्य करने वाले श्रम वीरों को परेशानी से बचाया जा सके। कंपनी बोर्ड के सदस्य खैरहा पहुंच मार्ग पर लाइट की व्यवस्था कब बनाएंगे जिससे नाइट शिफ्ट में चलने वाले कर्मचारियों को दुर्घटना के बच सके।सडक विहीन अमलाई ओसीएमअमलाई



ओसीएम गेट से प्रबंधन कार्यालय तक के लिए सालो पूर्व टेंडर हुआ था जो किन्हीं कारणों से ठेकेदार के द्वारा कार्य नहीं किया गया और वर्षों से रोड विहीन सड़क चलने के लिए कर्मचारी विवश हैं अमलाई ओसीएम से हर बर्ष करोड़ों का प्रॉफिट होने के बाद भी रोड का निर्माण नहीं हो पा रहा है वर्षा के दिनों में मिट्टी की रोड पर चलने से छुटपुट दुर्घटनाएं आए दिन हो रही हैं। सड़क निर्माण कार्य के लिए नया प्रपोजल बनाकर भेजा गया था जो बिलासपुर कार्यालय में धूल खाती पडी है। सेफ्टी बोर्ड के सदस्य इस समस्या को नजरअंदाज क्यों कर रहे हैं।ऐसा लगता है की अब बिना रोड के जैसा चल रहा वैसे ही चलेगा क्योंकि ओसीएम भी अब ढलान की ओर चल रही है।बाउंड्री वॉल विहीन खदानबाउंड्री बिहीन खदानों में आज दिन कोयला चोरी हो रही है वर्षों से बाउंड्री वॉल जर्जर टूटी हुई है प्रबंधन के द्वारा कई बार बाउंड्री वॉल सुधार करने के लिए बिलासपुर बाउंड्री का प्रपोज बनाकर भेजा गया लेकिन बाउंड्री वॉल का सुधार नहीं हुआ जिससे काफी मात्रा में कोयला चोरी आए दिन हो रही है खदान की सुरक्षा व्यवस्था सबसे बड़ी बाउंड्री वॉल होती है लेकिन खदान में सुरक्षा व्यवस्था के लिए बाउंड्री वॉल की रिपेयरिंग तक नहीं की जाती जगह-जगह बाउंड्री वॉल टूटी हुई है खदान की सेफ्टी कैसे होगी इस ओर सेफ्टी बोर्ड कब ध्यान देगी।अरबों का मुनाफा, सुविधा शून्य एसईसीएल सोहागपुर क्षेत्र अंतर्गत अमलाई ओसीएम, बंगवार भूमिगत माइंस, रामपुर बटुरा ओसीएम को खुले वर्षों हो गये। इन वर्षों में भूगर्भ से अरबों रुपए की काले हीरो की निकासी कर कंपनी मालामाल होती रही है, श्रमवीर अपनी जान की परवाह न करते हुए खून पसीना एक कर सैकड़ों फिट नीचे जमीन का सीना फाडकर काला हीरा निकालते है लेकिन उनके सुख सुविधाओं की ओर कोई देखने वाला नहीं है। सेफ्टी बोर्ड खदानों का दौरा कर औपचारिकता पूरा करने निकल जाते हैं श्रमवीरों की समस्याऐ ज्यो का त्यो बना रहता है। हादसों की बाढश्रमवीरों को कार्यस्थल तक पहुंचने के लिये, एक चलने लायक अंधेरे से मुक्त मार्ग तक उपलब्ध नहीं करा सकी खदान खुलने के बाद से आज तक डेढ़ किलो मीटर लंबे , अमलाई ओसीएम,खैरहा पहुंच मार्ग में प्रकाश की व्यवस्था नहीं बनाई गई जिससे क्षेत्रीय ग्रामीणों के साथ ही नाइट शिफ्ट में काम करने वाले श्रमिक टूटी-फूटी, गड्ढे और कीचड़ युक्त रोड पर आवागमन करने और आए दिन अनचाही दुर्घटनाओं का शिकार बनने के लिये मजबूर हैं।कागजी सुरक्षासुरक्षा उपायों और श्रमवीरों को सुरक्षित वातावरण उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी एसईसीएल कंपनी की है जसके लिये वह बाध्य है लेकिन सारे सुरक्षा उपाय कागजों तक ही सीमित हैं। सोहागपुर एरिया प्रबंधन के लोग सुरक्षा उपायों और श्रमवीरों को सुविधाएं मुहैया कराने के मामले में लुका-छिपी का खेल खेलते रहे हैं ।डीजीएमएस से मांग सोहागपुर एरिया के विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों एवं श्रमवीरों ने एरिया प्रबंधन के साथ एसईसीएल के सुरक्षा प्रबंधक एवं डीजीएमएस से अमलाई ओसीएम,खैरहा माइंस सहित सभी खदानों की सड़कों को व्यवस्थित कर श्रमवीरों को कार्य के अनकूल सुविधाएं एवं माहौल उपलब्ध कराए जाने की मांग की है।

## ठेकेदार के भ्रष्टाचार का शिकार ' देश रत्न '- टेंडर की शर्तों का उल्लंघन, घटिया सामग्री का इस्तेमाल



धनपुरी

एसईसीएल सोहागपुर एरिया का देश रत्न गेस्ट हाउस के निर्माण में टेंडर की शर्तों का उल्लंघन किया जा रहा है। क्योंकि एग्रीमेंट के अनुसार जो निर्माण कार्य में बाथरूम और सैनटरी के कार्यों में टोटल फिटिंग मैटेरियल जगवार कंपनी के लगने चाहिए लेकिन नहीं लगा है। ऐसा ही बिजली के कार्यों में अनिमिताएं की जा रही है इस निर्माण कार्य में जो भी सच्चाई है जांच में आ जाएगी। जबकि जो कर्य करने की समय अवधि थी वो पूरी हो चुकी है। इसके बाद भी ठेकेदार किसी तरह फील लेने के फिराक में है। सबसे बड़ी बात है कि जो पुराना सामान गेस्ट हाउस का है वह कहां है। यह कर पिछले 6 माह से चल रहा है और कब तक चलेगा यह कहां नहीं जा सकता।देश रत्न गेस्ट हाउस बर्षो से अनुपयोगी हो गया था जिसके चलते सोहागपुर एरिया व कंपनी स्तर के अधिकारी के लिए गेस्ट हाउस की कमी महसूस की जा रही थी जो लाखों की लागत से निर्माण कार्य ठेकेदार के माध्यम से किया जा रहा है। निर्माण कार्यों को लेकर अन्य ठेकेदारों में चर्चा बना हुआ है कि टेंडर के अनुरूप निर्माण कार्य नहीं हो रहे हैं। निर्माण कार्यों लगने वाले सामग्रियां जांच पड़ताल होने पर पता चल जाएगा की टेंडर के अनुसार उस सामग्री का उपयोग किया गया है या नहीं सिविल विभाग निर्माण कार्यों निरीक्षण करने नहीं जाते ठेकेदार निर्माण कार्य कैसा कर रहा है।

**खबर का हुआ असर कलेक्टर ने की कार्यवाही जिम्मेदार कर रहे नजर अंदाज**

# स्वास्थ्य केंद्र के निरीक्षण में पहुंचे कलेक्टर, खुली पोल मचा हड़कंप

**नौरोजाबाद।** मध्य प्रदेश शासन एव मोहन यादव की सरकार की मनसा में पानी फेरने का काम कर रहे हैं जिले के स्वास्थ्य अधिकारी एवं बीएमओ उमरिया जिले सहित नगरी क्षेत्र में और ग्रामीण इलाकों और कस्बों में संचालित स्वास्थ्य सुविधाएं मरीजों के लिए कितनी कारगर हैं और उनमें काम करने वाले ईमानदार कर्मी अपनी मानव सेवा के लिए कितने चिंतित हैं इसकी बानगी देखने को मिली जब कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने स्वास्थ्य केंद्र चंदिया का औचक निरीक्षण किया, जहां माकूल सुविधाओं की व्यवस्था पर सवाले तो खड़े हुए ही, स्टाफ भी सुविधा भोगी का नजारा दिखाने में पीछे नहीं रहे और कलेक्टर ने देखा कि किस प्रकार से एक ही दिन एक साथ 10 स्वास्थ्य कर्मी गायब हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्वास्थ्य केंद्र चंदिया में 23 के स्टाफ मे से 10 लोग अनुपस्थित रहे।



हरिभूमि

epaper.haribhoomi.com

Jabalpur Virat Bhoomi - 02 May 2024 - Page 1

**राजनीति का शिकार बनी करकेली विकासखंड की दम तोड़ती स्वास्थ्य व्यवस्था**



### जिम्मेदारी से भाग रहे बीएमओ और सीएचएमओ

बड़ी आश्चर्य की बात है कि जिले के मुखिया जिला कलेक्टर साहब को क्यों निरीक्षण और कार्यवाही करना पड़ रहा है जबकि जिम्मेदार अधिकारी बीएमओ और सीएचएमओ क्या कर रहे हैं, क्यों उनके पास टाइम नहीं है कि वह स्वास्थ्य सुविधा बेहतर बना सके एवं लोगों को किसी प्रकार की परेशानी ना हो उनका इलाज सही टाइम पर हो सके, उनका इलाज डॉक्टरों की मौजूदगी में हो सके कहीं देखा जाता है कि नर्स के द्वारा इलाज किया जा रहा है, तो कही मरीज़ परेशान होकर झोलाछाप डॉक्टरों के पास जाने को मजबूर है, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के होने के बावजूद जिले के मुखिया धरणेन्द्र कुमार जैन को खुद ही कमान संभालनी पड़ रही है और मौके में जाकर कार्यवाही करना पड़ रहा है।

### कारण बताओ नोटिस जारी

जिन्हें कलेक्टर धरणेन्द्र कुमार जैन ने कारण बताओं नोटिस जारी करने का आदेश दिया, साथ ही कलेक्टर की नाराज़गी का सामना स्वास्थ्य केन्द्र के जिम्मेदार को भी करना पड़ा। अनुपस्थित पाये गये कर्मियों में डॉ. धमेन्द्र, स्टाफ नर्स श्रीमती ऊषा, पुष्पा तोमर, संगीता यादव, अंगीता कुशवाहा, सीमा सिंह, पुनीत सिंह, रमेश प्रसाद, महेन्द्र मिश्रा, संजय मिश्रा तथा नीलेश सोनी शामिल हैं। इस दौरान कलेक्टर ने विभिन्न वार्डो का भ्रमण कर मरीजों से रूबरू चर्चा की तथा भोजन एवं नाश्ता के संबंध में जानकारी ली। गौरतलब है कि सही मानीटरिंग न होने के कारण ही ऐसी कमियां सामने आती हैं, जिसका सबसे अधिका फायदा नेता कर्मी उठाते हैं और सबसे अधिक समस्या मरीजों को झेलनी पड़ती हैं। स्वास्थ्य विभाग के मनमानी के कारण दूर दराज से आने वाले मरीजों को बेहद परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

### सीएचएमओ और बीएमओ आखिर क्यों भाग रहे जिम्मेदारी से

उमरिया जिले की स्वास्थ्य विभाग की जिसकी जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. मेहरा को दी गई है जो कि कई बार शिकायत करने के बावजूद भी सीएचएमओ के द्वारा जिले में ना मौजूद होने की बात कही जाती है, कभी भी साहब ने यह नहीं कहा कि मैं जिला मुख्यालय में हूं, अधिकांश साहब के द्वारा जिले से बाहर होने की बात कही गई जाती है और स्वास्थ्य सुविधा की तो जिले का आज जो यह स्वास्थ्य सुविधा का हाल दुर्भाग्यपूर्ण है जो भी कमियां हैं इसकी जिम्मेदारी केवल डॉ.आर.के. मेहराऔर उनके विभाग के अधिकारियों की है, जो कि उनके द्वारा कभी भी निरक्षण नहीं किया जाता की स्वास्थ्य केंद्रों में डॉक्टर उपस्थिति है कि नहीं एवं वहां पर कौन सी दवाई की कमी है और मरीजों को बेहतर इलाज मिल रहा है कि नहीं, अधिकांश देखा गया कि कई शिकायतें करने के बावजूद स्वास्थ्य विभाग के बीएमओ और सीएचएमओ अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झड़ते हुए नजर आता है।

### एक अधिकारी को कई जिम्मेदारी

डॉ. वी.एस .चंदेल किसी भी दायित्व पर खरे नहीं उतर पा रहे हैं,फिर भी ऐसा क्या मोह है सीएचएमओ साहब का उनसे की दोनों ही दायित्व एक ही डॉक्टर को देखकर रखे हुए हैं, ऐसा नहीं है कि जिले में डॉक्टर नहीं हैं डॉक्टर तो है लेकिन साहब उसकी जगह किसी और डॉक्टर को नई जिम्मेदार नहीं देना चाह रहे है, डॉ. वी.एस. चंदेल के पास में करकेली विकासखंड के खण्ड चिकित्सा अधिकारी के दायित्व के साथ-साथ जिला मलेरिया अधिकारी का प्रभार भी दिया गया है, जबकि जिला चिकित्सालय में इन दिनों डॉक्टर की पर्याप्त संख्या है, एक ही डॉक्टर को दो-दो प्रभार देने के कारण डॉ. चंदेल की करकेली विकासखंड के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वास्थ्य सेवाएं दम तोड़ती नजर आ रही हैं, लेकिन डॉक्टर साहब की राजनीतिक पकड़ ऐसी की मजाल है कोई उनसे कोई भी प्रभार लेकर के किसी जिम्मेदार डॉक्टर को दे दे, सप्ताह में 2 दिन का समय जिला चिकित्सालय में ओपीडी में बैठने के लिए डॉक्टर चंदेल के लिए नियत किया गया है, लेकिन डॉक्टर साहब अपनी मनमर्जी से जब चाहे तब जिला चिकित्सालय में नजर आते हैं। यही कारण है कि करकेली विकासखंड के सभी स्वास्थ्य केन्द्रों में पदस्थ डॉक्टर भी डॉ. चंदेल की राह पर चलते हुए जिला मुख्यालय में ही डटे रहते हैं, बात अगर करकेली स्वास्थ्य केंद्र की होतो यहां इलाज के नाम पर सिर्फ जिला चिकित्सालय में रेफर करने का काम किया जाता है, यही हाल पूरे जिले का है।

# मतदाताओं ने सौ प्रतिशत मतदान कर जिले का गौरव बढाया: जिला निर्वाचन अधिकारी

**मतदाता आभार महोत्सव में गजरहा ग्राम के मतदाताओं ने सौ प्रतिशत मतदान का मनाया उत्सव**

**उमरिया।** दुनिया के सबसे बडे भारतीय लोकतंत्र में हर मतदाता के मत का समान मूल्य है, जब हर मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करता है तो लोकतंत्र को मजबूती मिलती है, देश भर में समभाव का वातावरण बनता है तथा देश तेजी से प्रगति करता है। गजरहा गाँव के मतदाताओं ने शत प्रतिशत मतदान करके उमरिया जिले का नाम पूरे देश में रोशन कर दिया है। मतदाताओं ने अपना दायित्व पूरा किया है। अब जिला प्रशासन का प्रयास होगा कि यहाँ के पात्र व्यक्तियों को सभी योजनाओं का लाभ मिले, गांव का तेजी से विकास हो। यह विचार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी धरणेन्द्र जैन ने लोकसभा निर्वाचन 2024 में शत प्रतिशत मतदान करने वाले गज रहा ग्राम में मतदाता आभार महोत्सव को संबोधित करते हुए व्यक्त किये।

इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अभय सिंह ओहरिया, एसडीएम मानपुर कमलेश



नीरज, स्वीप की सहायक नोडल अधिकारी आशीष श्रीवास्तव, सहायक आयुक्त जन जातीय कार्य विभाग अखिलेश पांडेय, सीईओ जनपद पंचायत राजेन्द्र त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर हरनीत कौर, अम्बिकेश प्रताप सिंह, सिंह, सरपंच विभा सिंह, जागरूक मतदाता राम शरण तिवारी, ग्राम के वरिष्ठ मतदाता, जिला समन्यवक जन अभियान परिषद रविन्द्र शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी एम. एस. गौर, डीपीसी सुशील मिश्रा, पंचायत सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा बड़ी संख्या में मतदाता उपस्थित रहे, गजरहा मतदान केंद्र के सभी 301 मतदाताओं ने मतदान किया, जिसमें 41 मतदाता जो गांव के बाहर थे, मतदान करने के लिए गांव आये थे।

सीईओ जिला पंचायत एवं स्वीप के नोडल अधिकारी अभय सिंह ओहरिया ने कहा कि यहाँ के मतदाताओं ने मतदान का महत्व समझा तथा शत-प्रतिशत मतदान किया। यह आप सबकी लोकतंत्र की आस्था का प्रतीक है। आपकी जागरूकता व्यर्थ नही जायेगी, आप सभी मतदाता प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बुजुर्ग, युवा तथा महिला मतदाताओं तथा मतदान के दिन बाहर गये मतदाताओं ने 19 अप्रैल को मतदान करने के लिए आये थे का सम्मान किया गया।

## भगवान परशुराम की जयंती भव्यता से मनाए जाने को लेकर बैठक संपन्न

**कोतमा।** 1 मई की देर शाम नगर के पुरानी बस्ती स्थित शिवसागर धाम मंदिर में सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक का आयोजन 10 मई को भगवान परशुराम की जयंती हर्षोल्लास एवं भव्यता के साथ मनाए जाने को लेकर बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में भगवान परशुराम की जयंती को भव्यता से मनाए जाने को लेकर रूपरेखा बनाई गई। जिसमें यह तय किया गया कि 10 मई को पुरानी बस्ती शिव सागर धाम मंदिर में दोपहर 3 बजे से भगवान परशुराम का पूजन कार्यक्रम शुरू किया जाएगा। शाम 5 बजे से शोभा यात्रा निकल जाएगी जो नगर के प्रमुख मार्ग में भ्रमण करते हुए वापस शिवसागर धाम मंदिर पहुंचेगी। शाम 7:30 बजे से शिव सागर धाम मंदिर में भजन संध्या एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम किया जाएगा। रात्रि 9 बजे से मंदिर परिसर में अक्षय तृतीया के अवसर पर गुड्डा गुड़ियों का विवाह का कार्यक्रम संपन्न कराया जाएगा। साथ ही बैठक में चर्चा की गई की नगर में सर्व समाज को आमंत्रण पत्र के माध्यम से आमंत्रित करते हुए कार्यक्रम में सम्मिलित होने की अपील की जाएगी। बैठक में यह तय किया गया कि परसराम जयंती के दिन सर्व ब्राह्मण समाज सभी कार्यक्रम के दौरान धोती कुर्ता वस्त्र धारण करके शामिल हो। बैठक में ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ शंभू प्रसाद शर्मा, हनुमान गर्ग, लक्ष्मी प्रसाद पांडे, रामपाल पांडे, सत्य प्रकाश शर्मा, सत्य प्रकाश पांडे, लालजी गौतम प्रदीप उपाध्याय सुनील गौतम प्रदीप मिश्रा पुष्पेंद्र उरमालिया रवेद्र शर्मा बल्लू नीलेंद्र तिवारी शीलू पांडे नीलेश द्विवेदी रमाकांत शुक्ला अनुपम तिवारी पंकज शर्मा दिलीप शुक्ला सचिन पांडे सूरज तिवारी शाहिद सर्व ब्राह्मण समाज सहित मीडिया कर्मी उपस्थित थे।

## केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी में कक्षा 1 और बाल वाटिका के छात्रों का स्वागत समारोह



**बदरा/जमुना।** केंद्रीय विद्यालय जमुना कॉलरी में 1 मई को कक्षा 1 और बाल वाटिका 3 में नव प्रवेशित छात्रों के लिए स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि विद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार, विशिष्ट अतिथि प्रवेश प्रभारी अजमल खान और मुख्याध्यापक प्रभारी सुमित कुमार रहे। समारोह की शुरूआत दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना से हुई। प्राथमिक कक्षा के बच्चों के द्वारा स्वागत गीत एवं स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके बाद प्राचार्य मनोज कुमार ने अपने स्वागत संबोधन में नवप्रवेशित छात्रों का हरित स्वागत किया और उन्हें विद्यालय के वातावरण से परिचित कराया। उन्होंने छात्रों को बताया कि विद्यालय सिर्फ शिक्षा प्राप्त करने का स्थान नहीं है, बल्कि यह समग्र व्यक्तित्व विकास का केंद्र भी है। विशिष्ट अतिथि अजमल खान ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि अभिभावकों और शिक्षकों के सहयोग से ही बच्चों का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने अभिभावकों से आह्वान किया कि वे विद्यालय प्रशासन के साथ मिलकर बच्चों की शिक्षा में सहयोग करें। प्राथमिक मुख्याध्यापक प्रभारी सुमित कुमार ने नवप्रवेशित छात्रों के लिए आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इन कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों को विद्यालय के वातावरण से जुड़ने में मदद मिलेगी। समारोह के दौरान नवप्रवेशित छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। अभिभावकों ने भी इस कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम मे मंच संचालन श्रीमती प्रियंका यादव और संदीप कुमार पटेल द्वारा किया गया। सभी प्राथमिक शिक्षकों और अभिभावकों की उपस्थिति मे यह स्वागत समारोह हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

## सभी न्यायालयीन प्रकरणों में 15 मई तक जवाब-दावा दायर करें - कलेक्टर



रीवा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने न्यायालयीन प्रकरणों में जवाब-दावा दायर करने की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि सभी कार्यालय प्रमुख हाईकोर्ट में लंबित प्रकरणों में 15 मई तक जवाब-दावा अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर दें। कोर्ट की अवमानना के भी सभी प्रकरणों में समुचित कार्यवाही करके उनका 15 मई तक निराकरण कराएं। लोक निर्माण विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य कई विभागों में कर्मचारियों के स्वत्वों से संबंधित बड़ी संख्या में प्रकरण न्यायालय में दर्ज हैं। सभी अधिकारी अपनी लेखा और स्थापना शाखा का निरीक्षण कर कर्मचारियों के उचित स्वत्वों का भुगतान कराएं। इसमें लापरवाही बरतने वाले एकाउंटेंट पर दण्डात्मक कार्यवाही भी करें। कलेक्टर ने कहा कि लोक निर्माण विभाग में 149, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में 99 प्रकरण लंबित हैं। इनमें जवाब-दावा दायर कराएं। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में लंबित प्रकरणों में से 76 में जवाब-दावा दायर कर दिया गया है। शेष प्रकरणों में भी तय समय सीमा में जवाब-दावा दायर कराएं।

## खबर संक्षेप

### खदानों में बूंद-बूंद पानी को तरस रहे श्रमवीर

**बदरा/जमुना।** कोयलांचल नगरी जमुना कोतमा क्षेत्र के सिविल विभाग का भ्रष्टाचार चरम पर है कोयला श्रमिक पानी के लिए तरस रहा है। जमुना कोतमा क्षेत्र के कोयला मजदूर सभा के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने श्रमिकों की समस्याओं को देखते हुए सिविल विभाग के व्याप्त भ्रष्टाचार के विरुद्ध आवाज उठाई है। गर्मी अपने चरम सीमा पर है टेम्परेचर लगभग 45 डिग्री पार चला गया है किंतु जमुना कोतमा क्षेत्र के रीजनल वर्कशॉप से लेकर सभी खदानों आमदाढ़ खुली खदान परियोजना बरतराई अंडर ग्राउंड खदान नारायण 7/8 अंडर ग्राउंड खदान, 5/6 अंडर ग्राउंड खदान 9/10 अंडर ग्राउंड खदान एवं मीरा अंडर ग्राउंड खदान से लेकर महाप्रबंधक कार्यालय तक में पीने के पानी की गंभीर समस्या बनी हुई है जिसके कारण श्रमिकों का बुरा हाल है। श्रमिक पानी की बूंद बूंद को तरस रहा है साथ ही भालूमाडा वर्कशॉप में जहां अधिक मात्रा में महिलाएं भी कार्य करती हैं वहां शौचालय तक की व्यवस्था नहीं है इस कारण महिलाओं को काफी असुविधा का सामना करना पड़ रहा इसलिए श्रमिक हित को देखते हुए कोयला मजदूर सभा संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष श्रीकांत शुक्ला ने जमुना कोतमा के उच्च प्रबंधन को 72 घंटे का समय दिया है। अगर 72 घंटे के भीतर श्रमिकों के पानी की समस्या का कोई समाधान नहीं किया जाता है तो कोयला मजदूर सभा संघ उग्र प्रदर्शन के लिए बाध्य होगा इसकी समस्त जिम्मेदारी प्रबंधन की होगी।

### रक्तदान शिविर का आयोजन आज

**अनूपपुर।** म.प्र. उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के मुख्य संरक्षक के निदेर्शानुसार सम्पूर्ण प्रदेश में 4 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में प्रधान जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष रविन्दर सिंह के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय अनूपपुर में 4 मई को रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। जिला न्यायालय परिसर अनूपपुर में आयोजित रक्तदान शिविर में अधिकारियों, कर्मचारियों, अधिवक्ताओं, पैरालीगल वालेंटियर, छात्र-छात्राओं, समाजसेवियों व आमजन से अधिक से अधिक संख्या में रक्तदान करने की अपील जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अनूपपुर द्वारा की गई है। रक्तदान करने के इच्छुकजन 4 मई को प्रातः 11 बजे से आयोजित रक्तदान शिविर में पहुंचकर अपना अमूल्य सहयोग

### समीक्षा बैठक 6 मई को

**अनूपपुर।** जिला स्तरीय संयुक्त परामर्शदात्री समिति की सम्पन्न बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार कर्मचारी संघ के मांगों व समस्याओं के निराकरण के संबंध में समीक्षा बैठक 6 मई 2024 को कलेक्ट्रेट स्थित नर्मदा सभागार में समय-सीमा (टीएल) बैठक के पश्चात आयोजित की गई है। उक्ताशय की जानकारी देते हुए अपर कलेक्टर ने सभी विभागों के जिला प्रमुखों को बैठक में उपस्थिति सुनिश्चित करते हुए कर्मचारी संघों द्वारा प्रस्तुत सुझावों, मांगों व समस्याओं के निराकरण का प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं।

### कामरेड अतुल कुमार अंजान का निधन

**अनूपपुर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की राष्ट्रीय सचिव एवं अखिल भारतीय किसान सभा की राष्ट्रीय महासचिव प्रख्यात वक्ता कामरेड



अतुल कुमार अंजान का 3 मई को लखनऊ स्थित गोमती नगर के मेयो अस्पताल में निधन हो गया। समूचे देश में कॉमरेड अतुल कुमार अंजान के निधन पर शोक की लहर है किन्तु मध्य प्रदेश में विशेष मायूसी है वे मध्य प्रदेश पार्टी के प्रभारी थे। तमाम नेताओं से उनके पारिवारिक सम्बन्ध थे वे मध्य प्रदेश के पार्टी के सभी सक्रिय कार्यकर्ताओं को पहचानते थे। श्री अंजान के निधन से भारत के किसान मजदूरों के आंदोलन को आघात पहुँचा है। 4 मई को उनके अंत्येष्टि में भाग लेने के लिए कामरेड हरिद्वार सिंह सहायक राज्य सचिव सीपीआई लखनऊ के लिए रवाना हो गये हैं।





# सड़कों पर खड़े वाहनों से जा रही जान

## यातायात विभाग की मुंहदेखी कार्यवाही से आमजन परेशान

*जिला मुख्यालय सहित कोतमा, बिजुरी, डोला, जैतहरी, फुनगा, राजेन्द्रग्राम, अमरकंटक मुख्य मार्ग पर एवं हाईवे पर बेतरतीब खड़े वाहनों के विरुद्ध सघन नियमित अभियान चला कर सख्त कार्यवाही किये जाने की जरूरत है। कोतवाली चौक, अमरकंटक चौराहा, कलेक्ट्रेट मार्ग को बडे, भारी वाहनों का अघोषित ट्रांसपोर्ट नगर बना देने से सडकें संकीर्ण तथा खतरनाक हो गयी हैं। ढाबों, होटलों, मैकेनिक गैराजों के सामने बेतरतीब खड़े वाहनों से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। ऐसे मामलों में लोगों के घायल होने के साथ ही प्राण गंवाने के मामले भी सामने आ रहे हैं।*

### पुलिसिया इशारे मे निकल रहे ओव्हरलोड वाहन

अनूपपुर।

रात्रि में एनएच-43 कटनी गुमला मार्ग पर पूर्व में एवं हाल ही में जिला मुख्यालय व अनूपपुर व डोला मार्ग तक हुए सड़क दुर्घटना में कई की जान जा चुकी हैं जिसमें अधिकांश रोड पर खड़े वाहनों के टकराने से घटना घटित हुई है। अधिकांश गाड़ियां सड़को के किनारे खड़े होने के बाद भी यातायात के नियमों का पालन नहीं करते, न ही पार्किंग चालू कर खड़े करते हैं जिससे यह घटना घटित होती है विभाग को ऐसे वाहनों पर कार्यवाही करनी चाहिए। वाहन चालक के द्वारा सड़क किनारे लापरवाही से खड़े किये गये वाहनों से टकराकर ही अधिकांस लोग जान गंवा रहे हैं। रात में सामने से आने वाली गाडीं की तेज रोशनी के रिफ्लेशन से ब्लाईंड एंगल बनने के कारण सडक पर खडे वाहन दिखलाई नहीं पडते पहले भी हाईवे पर ऐसी कई दुर्घटनाएं घटित हो चुकी हैं।

### मॉडल रोड बना अघोषित पार्किंग

कोतमा मे बनिया टोला से केरहा नाला तक मॉडल रोड सड़क के दोनों ओर जिधर सड़क का निर्माण हो गया है उसमें केरहा नाला से स्टेट बैंक के आगे मोटर पाट्‌र्स की दुकानों के सामने एवं बनिया टोला तक सड़क के दोनों और दुकानदारों के द्वारा दो पहिया एवं चार पहिया वाहन सुबह से लेकर देर रात तक खड़ा कर दिया जाता है इसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं दो पहिया वाहन चालक चोटिल होकर गंभीर रूप से घायल हो रहे हैं।

### इधर पुलिसिया इशारे मे निकल रहे ओव्हरलोड वाहन

जिला मुख्यालय के साईं मंदिर के समीप सुबह-सुबह कोतवाली पुलिस द्वारा चलाए जा रहे वाहन चेकिंग के नाम पर चल रहे चालानी कार्यवाही संदेहास्पद है। बीते दिवस सुबह सुबह जैतहरी की ओर से एक पिकअप दौड़ा चला आ रहा था जिसमें कम से कम 50 से ज्यादा मजदूर वर्ग थे। यह पिकअप सुबह आता है और देर शाम वापस जाता है। जो नियम विरुद्ध है पर पुलिस निश्चित तौर पर कार्यवाही करेगी और उक्त पिकअप वाहन इतने लोगों को भूसे की तरह बैठा कर कल से आना बंद कर देगा, लेकिन हुआ यह कि देखते ही देखते कुछ कर्मचारियों ने उक्त पिकअप वाहन को इशारे से भेज दिया। इतना ही नहीं सुबह लगभग 9 से 10 के बीच मुख्य मार्ग कोतमा रोड से गिरवा एवं जैतहरी के मजदूरों को लेकर गहरवार कंपनी की बस जो क्षमता से 3 गुना सवारी लेकर चलती है कभी सामतपुर तिराहे के पास तो कभी ढाबा एवं पेट्रोल पंप के समीप उन मजदूरों को उतार कर खाली बस स्टैंड तक आती है वही वापसी शाम को उक्त बस की दशा सोन नदी के ऊपर देखा जा सकता है, लेकिन यहां नियम कायदों को दरकिनार कर खाकी वर्दीधारी बेधड़क ऐसे वाहनों के आवाजाही पर अपना हाथ बनाये हुये हैं।

### यातायात नियम का पता नहीं

जिले में अधिकांश ऐसे वाहन चालक हैं जिनके पास ना तो लाइसेंस है और ना ही यातायात नियमों की जानकारी हैं फिर भी स्टेयरिंग हाथ में है व बेखौफ होकर सड़कों पर वाहन चला रहे हैं जिससे सामने से आने वाले वाहनों को देखने के बाद भी यातायात नियम का पालन नहीं करते व दुर्घटना घटित होती है। पुलिस प्रशासन को चाहिए कि सड़कों पर दौड़ रहे वाहन चालको से यातायात नियम की जानकारी एकत्रित करें तभी उनके लाइसेंस को मान्यता दिया जाए अगर प्रशासन इस पर ठोस कदम उठाती है तो निश्चित ही दुर्घटनाओं में कमी आ सकती है।

### विभाग उगाही करने में मस्त

ऐसा लगता है मानो जिला यातायात विभाग तथा आरटीओ केवल वाहन मालिकों से पैसा वसूलने के तंत्र मात्र हैं ऐसी हर दुर्घटना के बाद इनकी जवाबदेही भी तय क्यों नहीं होना चाहिए? जिला मुख्यालय सहित अन्य सघन आबादी वाले कस्बों, गाँव मे सडकों पर वाहनों को खड़ा कर रिपेयर कराते, माल उतारते, ढाबों में आराम करते इन्हे कहीं भी देखा जा सकता है। अनूपपुर कलेक्ट्रेट रोड, अमरकंटक तिराहे में सडकें मैकेनिकों के धंधों की गिरफ्त में हैं ना जनप्रतिनिधियो को देखने की फुर्सत है ना संबंधित अधिकारियों को कार्यवाही करने की नगरपालिका तथा पुलिस की अनदेखी लापरवाही का जीता जागता नमूना है। दोनों ओर खडे वाहन तथा फुटपाथ से सडकों पर दुकाने कब्जाए लोगों के बीच चलना-निकलना तक मुश्किल है।

### बुझा कई घरों का चिराग

हाइवे पर घटित होने वाली घटनाओं को देखे तो कई वाहनों पर नम्बर प्लेट तो होते हैं पर नंबर का पता नहीं होता। बैक लाईट रेडियम न होने के बाद भी वाहन को आरटीओ विभाग द्वारा पास किया जाता है अगर विभाग द्वारा सही जांच हो जाए तो या तो चालक नशे में मिलेगा, लाईसेंस न होगा, या फिर हेल्पर वाहन चला रहा होगा आश्चर्य नहीं ऐसे कई मामलों पर पुलिस मर्ग/प्रकरण दर्ज कर सडक दुर्घटना दर्शाकर शव परिजनों को देकर कर्तव्य पूरा किया मान लेती है जबकि यह प्राणघातक लापरवाही का ऐसा मामला होता है जिसमे किसी की लापरवाही से लोगों की जान तक चली जाती है। ऐसे सभी सडक दुर्घटनाओं मे यातायात पुलिस तथा आरटीओ की कार्यप्रणाली की जांच कर जिम्मेदारी क्यों तय नहीं करना चाहिए?

# सुदूरवर्ती ग्राम बड़ीतुम्मी के विभिन्न निमाणाधीन कार्यों का किया निरीक्षण



## कलेक्टर ने कार्यों को जल्द से जल्द पूरा करने के दिए निर्देश

अनूपपुर।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के सुदूरवर्ती ग्राम बड़ीतुम्मी के भ्रमण के दौरान ग्राम में 30 परिवारों के लिए डीएमएफ से 16.37 लाख रुपए की लागत से कराए जा रहे विद्युतीकरण कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को विद्युतीकरण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण कर ग्रामीणों को विद्युत की बेहतर सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने विद्युत खंभे, तार इत्यादि के संबंध में भी संबंधित अधिकारी से जानकारी प्राप्त की।

### निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष का किया निरीक्षण

कलेक्टर ने जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के कक्षों, ग्राम पंचायत बड़ीतुम्मी के शासकीय हाई स्कूल में खनिज प्रतिष्ठान मद से निर्माण कराए जा रहे अतिरिक्त कक्षों का निरीक्षण किया। उन्होंने गुणवत्तायुक्ते समय सीमा में निर्माण कार्य करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को दिए। इस दौरान कलेक्टर ने हाई स्कूल के जर्जर भवनों का भी निरीक्षण किया तथा जर्जर भवनों को डिस्मेंटल करने के निर्देश संबंधित विभाग के अधिकारी को देते हुए कहा कि इस जर्जन भवन में किसी भी प्रकार का आवागमन ना हो इसका विद्यालय प्राचार्य विशेष ध्यान रखें।

# अपनी हालत पर आंसू बहा रहे नगर की खस्ताहाल सड़कें

### बेतहाशा गर्मी में सड़कों में बह रहा पानी

**कोतमा।** वर्तमान में नगर में कई सड़कें खस्ता हाल हालत में है। जबकि नगर पालिका के द्वारा मुख्यमंत्री कायाकल्प योजना अंतर्गत नगर में कई सड़कों का मरम्मत कार्य करवाया गया है, लेकिन नगर पालिका की लापरवाही के कारण आज नगर के अंदर कई सड़के अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही है। हालत यह है कि पैदल चलना तो दूर दो पहिया वाहन में लोग जब सड़क पर चलते हैं तो गड्ढे बचाकर चलते हैं कि कहीं कोई दुर्घटना घटित ना हो जाए। नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 7 मुर्गी बाजार से लियाकत अली के मकान की ओर जाने वाली सड़क अत्यधिक ही जर्जर हो गई है। सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं गिट्टी उखड़ कर बाहर निकल आई है। वार्ड क्रमांक 5-6 बंजारा होटल से जकीरा चौक जाने वाली सड़क का है ठेकेदार के द्वारा 5 साल पूर्व गुणवत्ता भी सड़क का निर्माण किया गया था जिसके कारण सड़क बनते ही उखड़ने लगी थी सड़क की गिट्टी



उखड़ रही है वहीं सड़कों पर लोग नल जल योजना के तहत पानी बाहर बह रहे हैं जिसके कारण भी सड़क उखड़ गई है नगर पालिका बेवजह पानी बहाने को रोक नहीं पा रही है। नागरिकों ने बताया कि नगर पालिका क्षेत्र में खस्ताहाल सड़के और बड़े-बड़े गड्ढे अब बड़ी समस्या बन गई है इससे निजात दिलाने में नगर पालिका के जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों को उदासीन दवाइयां ज्यादा तकलीफ दे साबित हो सकता है। यही हाल नगर पालिका क्षेत्र के लहसुई गांव के अंदर जाने वाली सड़क का है पूर्व में आदि दूर तक पूर्व विधायक मनोज अग्रवाल के द्वारा सड़क बनवाई गई थी लेकिन ठेकेदार के द्वारा गुणवत्ता भी सड़क का निर्माण कर करवाया गया था और सड़क ज्यादा दिन नहीं चल पाई बनते ही सड़क की गिट्टी उखड़ने लगी जगह-जगह सड़क में गड्ढे निकल आए हैं फ्लाई ओवर से गांव के अंदर जाने वाली सड़क कभी यही हाल है। नई परिषद को गठन हुए लगभग 2 साल होने को है लेकिन उनके द्वारा सड़क के मरम्मत कर की ओर ध्यान नहीं दिया जा रहा है जिसके कारण नागरिक परेशान हो रहे हैं बारिश होने पर इन सड़कों पर पानी भर जाता है और लोगों को गड्ढे नजर नहीं आते हैं और यही दुर्घटना का कारण बनते हैं। नागरिकों ने नगर पालिका प्रशासन एवं वरिष्ठ अधिकारियों से नगर की खस्ताहाल सड़कों के मरम्मत कर कार्रवाई जाने की मांग की है।

# वनोपज नीलगिरी का अवैध परिवहन करते पकड़े कई वाहन

वन विभाग की बड़ी कार्यवाही

अनूपपुर।

2 मई को दोपहर 12:15 बजे पुलिस थाना राजेन्द्रग्राम के द्वारा एक वाहन ट्रेक्टर को वनोपज नीलगिरी का अवैध परिवहन पाये जाने पर वन विभाग को सूचित किया गया। वन मण्डल अनूपपुर के वन परिक्षेत्र राजेन्द्रग्राम के स्टाफ मौके पर उपस्थित होकर वाहन चालक से पूछताछ की गई पूछताछ पर वाहन चालक के द्वारा वनोपज के परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये। जिस पर वाहन को जप्त कर फारेस्ट कैम्पस राजेन्द्रग्राम में लाकर खड़ा किया गया एवं नियमानुसार कार्यवाही की गई।

3 मई को वनमण्डल दक्षिण शहडोल अंतर्गत गठित गडनदस्ता दल द्वारा रात्रि गश्ती के दौरान समय 03:50 बजे (भोरकाल) में एक वाहन टाटा माजदा क्रमांक एमपी 65 जीए 2180 को वनोपज नीलगिरी का अवैध



परिवहन करने पकड़ा गया। वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम दीपक वासुदेव पिता कमलेश वासुदेव एवं वनोपज को छुलकारी से अमलाई परिवहन करना बताया गया। वाहन चालक के द्वारा वनोपज नीलगिरी के अवैध परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। इसी प्रकार गश्ती के दौरान समय 04:30 बजे (भोरकाल) में एक वाहन टाटा 1616 क्रमांक सीजी 31 बी 9080 को वनोपज नीलगिरी का अवैध परिवहन करने पकड़ा गया। वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम राजकुमार जोगी पिता महेन्द्र जोगी बताया गया एवं वनोपज को राकीताल से बिलासपुर परिवहन करना बताया गया। वाहन चालक के द्वारा वनोपज नीलगिरी के अवैध परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये। इसी प्रकार गश्ती के दौरान समय 05:50 बजे (भोरकाल) में एक वाहन ट्रक क्रमांक सीजी 10 बीपी 1848 को वनोपज नीलगिरी का अवैध परिवहन करने पकड़ा गया। वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम पंकज यादव पिता जमदीरा यादव उम्र 21 वर्ष साकिन बडहर बताया गया एवं वनोपज को बेंदी से बिलासपुर परिवहन करना बताया गया। वाहन चालक के द्वारा वनोपज नीलगिरी के अवैध परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नही किये गये। उक्त तीनों वाहनों को जप्त कर फारेस्ट कैम्पस जैतहरी में खडा कराया गया। वन परिक्षेत्र राजेन्द्रग्राम के स्टाफ के द्वारा गश्ती के दौरान ग्राम मानपुर के पास एक वाहन क्रमांक सीजी 04 एनएक्स 0504 को रोककर तलाशी के दौरान वाहन में वनापेज नीलगिरी का अवैध परिवहन होना पाया गया। वाहन चालक से पूछताछ करने पर अपना नाम धनपत यादव उम्र 30 वर्ष साकिन दर्री जिला पेन्ड्रा गौरेला मरवाही बताया गया एवं वनोपज को ग्राम मानपुर से छत्तीसगढ़ परिवहन करना बताया गया। वाहन चालक के द्वारा वनोपज के परिवहन से संबंधित किसी भी प्रकार के कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किये गये। वाहन को जप्त कर फारेस्ट कैम्पस में खड़ा कराया गया।

## सूचना पटल पर आवश्यक जानकारी प्रदर्शित नहीं करने पर जारी हुआ शोकॉज

अनूपपुर।

जिला शिक्षा अधिकारी आर.एस. धुर्वे ने क्रीड़ा शुल्क जमा नहीं करने के कारण एवं शिक्षण व्यवस्था शुल्क में वृद्धि, गणवेश एवं पुस्तकों की सूची सूचना पटल पर चस्पा नहीं होने के कारण तथा दुकानदारो को पुस्तकों की सूची उपलब्ध कराकर पावती प्रस्तुत न करने के कारण विवेकानंद रूरल पब्लिक स्कूल संजयनगर, पाइन माउंट संजयनगर, राघव हायर सेकेंडरी स्कूल संजयनगर, नव चेतना विद्यालय राजेन्द्रग्राम, आदर्श सर्वोदय हाईस्कूल जमुना कॉलरी, डी.व्ही.एम. स्कूल अनूपपुर, रामकृष्ण विवेकानंद विद्यापीठ स्कूल बिजुरी, संत जोसेफ मिशन स्कूल बिजुरी, संत जोसेफ मिशन स्कूल कोतमा तथा कल्याणिका केन्द्रीय विद्यालय अमरकंटक के प्राचार्यों को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। इन संस्थाओं को कारण बताओ सूचना पत्र का जवाब तीन दिवस के अंदर प्रस्तुत करने का समय जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा दिया गया है। यदि निर्धारित समयावधि में जवाब प्राप्त नहीं होता है तो संस्थाओं की मान्यता समाप्त करने की कार्यवाही की जाएगी।

# उप स्वास्थ्य केंद्र घुराधर के निरीक्षण में कमियां मिलने पर नाराज हुये कलेक्टर

अनूपपुर।

कलेक्टर आशीष वशिष्ठ आज जिले के जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के भ्रमण के दौरान उप स्वास्थ्य केंद्र धुराधार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान कलेक्टर ने हीमोग्लोबिन मीटर एवं दवाई की उपलब्धता का भी निरीक्षण किया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र



में पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध नहीं होने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को पर्याप्त मात्रा में दवाई उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर ने सीएचओ को उप स्वास्थ्य केंद्र के व्यवस्थाओं को सुधारने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में स्वच्छता व्यवस्था का भी जायजा लिया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी जैतहरी जिला अनूपपुर म.प्र.**

रा.प्र. 0072/अपील/23-24 जैतहरी दिनांक-....

**राजस्व मामले के नोटिस**

देवेन्द्र सिंह पिता स्व. सुरेश सिंह निवासी ग्राम मनागंज जैतहरी थाना व तहसील जैतहरी जिला-अनूपपुर म.प्र. .................अपीलार्थी

बनाम

1. भूपेन्द्र सिंह पिता सुरेश सिंह 2. शैलेन्द्र सिंह पिता सुरेश सिंह 3. जितेन्द्र सिंह पिता सुरेश सिंह 4. धीरेन्द्र सिंह पिता सुरेश सिंह 5. नागेन्द्र सिंह पिता सुरेश सिंह 6. विनय सिंह पिता सुरेश सिंह 7. सुखेन्द्र सिंह पिता सुरेश सिंह 8. प्रभा सिंह पिता सुरेश सिंह 9. शिवेन्द्र सिंह परिहार 10. अशुमान सिंह परिहार क्रमांक 09 व 10 दोनों पिता शिवराज सिंह निवासी रीवा म.प्र. । माता स्व. मीना सिंह पिता सुरेश सिंह 11. शैलेश सिंह पिता कमलेश सिंह 12. शैलजा सिंह पिता कमलेश सिंह 13. गीता सिंह बेवा सुरेन्द्र प्रताप सिंह 14. राजेश सिंह पिता सुरेश सिंह 15. ब्रजेश सिंह पिता सुरेन्द्र सिंह 16. मुकेश सिंह पिता सुरेन्द्र सिंह 17. प्रतिभा पिता रमेश सिंह 18. सुभा पिता रमेश सिंह19. सरिता पिता रमेश सिंह 20. प्रभाकर सिंह पिता रमेश सिंह 21. प्रतिभा पिता रमेश सिंह 22. अनीता पिता रमेश सिंह 23. सतेन्द्र सिंह पिता बलबीर सिंह 24. अतुल सिंह पिता अरूण कुमार सिंह 25. आशीष सिंह पिता अरूण कुमार सिंह अधिकारी 09 व 10 निवासी गड्डी रोड बिछिया रीवा म.प्र. शेष सभी निवासी ग्राम मनागंज जैतहरी थाना व तहसील जैतहरी जिला - अनूपपुर म.प्र. ।

अपील विरुद्ध न्यायालय तहसीलदार के राजस्व प्र.क. अ-27/2023-2024 आदेश दिनांक 24/04/2023 में पारित आदेश के विरूद्ध अपील धारा 44 म.प्र. भू-राजस्व संहिता

............. उत्तरवादीगण

आप उत्तरवादीगणों को सूचित किया जाता है कि, उपर्युक्त अपील की सुनवाई तारीख 15 माह 05 सन् 24 को दिन के 10.30 बजे स्थान न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी जैतहरी पर होगी। उक्त अपील की सुनवाई आप स्वयं या वैध प्रतिनिधि या किसी अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं, यदि आप ऊपर बताई गयी दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होगें तो मामले की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थित में कर दिया जावेगा।

नोट-यदि पेशी दिनांक को अवकाश घोषित होता है, तो अगले कार्य दिवस पर उक्त अपील की सुनवाई की जावेगी।

मेरे पद मुद्रा से यह नोटिस आज दिनांक 24/04/24 जारी की जा रही है।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
जैतहरी जिला- अनूपपुर (म. प्र.)